● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 173, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 02 अगस्त 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



हिमांचल में दो दशक बाद फिर शुरू होगी लाटरी 5

टेस्ट टीम में वापसी को आतुर श्रेयस अय्यर 6

# प्रयागराज में उफान पर गंगा और यमुना

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा और यमुना उफान पर हैं। कछारी इलाकों के बाद बस्तियों में पानी बढ़ता जा रहा है। लोग घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। नदियां कभी भी खतरे के निशान को पार कर सकती हैं। जलस्तर खतरे के बिंदु के नजदीक पहुंच गया है। प्रशासन ने अलर्ट जारी करते हुए बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया है।

बाढ़ प्रभावित इलाकों में नाव चलाकर लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। फिलहाल जिले के आधा दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं जबकि करीब दो दर्जन मुहल्लों के लोग पलायन करने के लिए बाध्य हैं। हालांकि प्रशासन ने तीन गांवों को ही पूरी तरह से प्रभावित माना है। सिंचाई विभाग की ताजा बुलेटिन के अनुसार गंगा और यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। एक अगस्त की बुलेटिन के अनुसार दोपहर 12 बजे तक नैनी में यमुना का जलस्तर 83.81 मीटर रिकॉर्ड किया गया है। यहां पर खतरे का निशान 84.734 मीटर पर है। इसी तरह फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 83.48 मीटर दर्ज किया गया है जो खतरे के बिंदु 84.734 मीटर के काफी नजदीक है। यमुना 27 सेंटीमीटर और गंगा 26 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रही हैं।



कभी भी खतरे का निशान पार कर सकती हैं नदियां

केन, चंबल, बेतवा और गंगा व यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में एक बार फिर बाढ़ की आशंका पैदा हो गई है। वैसे प्रशासन अभी सिर्फ एक गांव को बाढ़ प्रभावित बता रहा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुए जिले की 95 बाढ़ चौकियों को बुधवार से सक्रिय कर दिया गया है। गंगा, यमुना खतरे के निशान से करीब दो मीटर के नीचे हैं। हालांकि, लगातार जलस्तर बढ़ने से प्रशासन ने सभी आठ गेट बंद कर दिए हैं। जिले में प्रमुख गंगा, यमुना नदियां है। इसके अलावा टोंस, बेलन, वरुणा, मनसौता, ससुरखदेरी आदि नदियां हैं। इन नदियों के किनारे नगर की ओर बक्शी बांध, बेनी बांध, यमुना बांध नंबर एक व दो बनाए गए हैं। इन बांधों का उच्चतम स्तर 89.50 मीटर रखा गया है जो वर्ष 1978 में आई बाढ़ के जलस्तर से अधिक है। नगर के निचले हिस्से में जल निकासी के लिए बक्शी बांध, मोरी गेट, बलुआघाट, चाचरनाला, मम्फोर्डगंज, राजापुर में पंपिंग स्टेशन बनाए गए हैं। इनसे जल निकासी कराई जाती है। बाढ़ सुरक्षा योजना के तहत बक्शी बांध पर पंप हाउस का निर्माण किया गया है। एडीएम विनीता सिंह ने बताया कि सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। छिल्ला घाट पर 97.40 मीटर तक पानी पहुंच गया है। जबकि खतरे का लेवल 99 मीटर है। खतरे के निशान से सभी नदियां नीचे हैं। सामग्री वितरण के लिए एक नाव लगा दी गई है।

कैंट के गंगानगर की रहने वाली आठवीं की छात्रा अनुष्का अपनी पीठ पर जिम्मेदारियों की बोझ लिए परिवार के साथ शिविर में रहने के लिए पहुंचीं। उनके साथ पालतू जानवर भी थे। घर बाढ़ की चपेट में आने के कारण लोग राहत शिविरों में पहुंच रहे हैं। गंगा-यमुना के बढ़ते जलस्तर के कारण पखवारे भर में ही झूंसी के कछारी गांवों के ग्रामीणों का संकट फिर बढ़ गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ यादव सीहोर में आज 4 औद्योगिक इकाइयों का करेंगे भूमि-पूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 2 अगस्त शनिवार को सीहोर स्थित औद्योगिक क्षेत्र बड़ियाखेड़ी में लगभग 1406 करोड़ रूपये निवेश करने वाली 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 6 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन के आशय पत्र भी वितरित करेंगे। जिससे यहां लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा। इन औद्योगिक इकाइयों से सीहोर जिले में 1165 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कार्यक्रम में 4 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन करेंगे। इन इकाइयों में सीहोर जिले में लगभग 1406 करोड़ रूपये का निवेश होगा और 854 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। जिन औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन होगा उनमें वान्यावेदा ग्रीन्स जो



(झिलेला) सीहोर में 20.020 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 115 करोड़ रुपये के निवेश से खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी, जिससे 100 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार बारमॉल्ट माल्टिंग इंडिया प्रा.लि. (बड़ियाखेड़ी फेस.2) 10.250 हेक्टेयर में स्थापित होगी। इसमें 400 करोड़ रुपए के निवेश से देश की सबसे बड़ी माल्ट निर्माता कंपनी की इकाई स्थापित होगी, जिससे 350 लोगों को रोजगार मिलेगा। सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लि. (जहांगीरपुरा) सीहोर में 18.260 हेक्टेयर में 888 करोड़ रुपए के निवेश से एशिया की सबसे बड़ी ट्रांसफार्मर इकाई स्थापित होगी, जिसमें 394 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसी प्रकार श्री कृष्णा इंडस्ट्रीज (बड़ियाखेड़ी) सीहोर 0.476 हेक्टेयर में 3 करोड़ रुपए के निवेश से खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित होगी, जिससे 10 लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव सीहोर में 6 औद्योगिक इकाइयों को आशय पत्र वितरित करेंगे, जिनमें आरटीडीबी इंडस्ट्रीज, स्वाति सोनी, संजय कुमार, अमित मूंदड़ा, प्रकाश पैकेजिंग और आरना वेंचर्स शामिल हैं। इन इकाइयों द्वारा सीहोर जिले में लगभग 33 करोड़ 85 लाख रूपये का निवेश होगा और 311 रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

# ट्रंप के 25 फीसदी टैरिफ लागू होने से भारतीय कंपनियों की मुश्किलें बढ़ीं

**नई दिल्ली।** 1 अगस्त 2025 से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित 25 प्रतिशत का नया आयात शुल्क (टैरिफ) लागू हो गया है, जिससे भारत के ऑटो पार्ट्स निर्यात पर सीधा असर पड़ा है। यह फैसला भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले कई सामानों पर लागू हुआ है। और इससे भारतीय कंपनियों की कीमत तय करने की रणनीति और सप्लाई चेन दोनों पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, अमेरिका भारत को रूस से तेल और सैन्य उपकरण खरीदने के लिए एक अलग तरह की सजा (जुर्माना) की बात भी कर रहा है, जिससे कीमतों में और भी अस्थिरता आ सकती है। भारत का ऑटो कंपोनेंट सेक्टर इस समय 111 अरब डॉलर का है और वित्त वर्ष 2025 में इसमें से 9.5 अरब डॉलर, यानी करीब 27 प्रतिशत हिस्सेदारी अकेले अमेरिका को निर्यात की गई। वहीं इसके उलट, अमेरिका से भारत को होने वाला आयात महज 7 प्रतिशत के आसपास है। यानी साफ है कि अमेरिका भारतीय कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार है। नई टैरिफ नीति से अब भारतीय ऑटो पार्ट्स की कीमतें बढ़ेंगी और जो कीमत को लेकर प्रतिस्पर्धा भारत के पास थी, वह भी खत्म हो सकती है। खास बात यह है कि भारत पर जहां 25 प्रतिशत टैक्स लगाया गया है, वहीं जापान पर सिर्फ 15 प्रतिशत, वियतनाम पर 20 प्रतिशत और इंडोनेशिया पर 19 प्रतिशत का ही टैक्स है। यानी भारत अब बाकी एशियाई देशों की तुलना में महंगा पड़ सकता है। अमेरिका के सबसे बड़े ऑटो कंपोनेंट सप्लायर्स मैक्सिको और कनाडा हैं, जिन्हें यूएस मेक्सिको कनाडा एग्रीमेंट के तहत इस टैरिफ से छूट मिली हुई है। इस समझौते के अनुसार, अगर वे लोकल प्रोडक्शन (स्थानीय उत्पादन) शर्तें पूरी करते हैं तो उन्हें बिना किसी टैक्स के अमेरिकी बाजार में प्रवेश मिलता रहेगा।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता प्रारूप प्रकाशित

**पटना।** चुनाव आयोग ने मतदाना सूची का प्रारूप प्रकाशित कर दिया है। बुधवार सुबह से इसे आम लोग देख रहे हैं। प्रारूप का मतलब है कि इसमें अगर किसी वोटर का नाम छूट गया है या मृत वोटर का नाम जुड़ गया है तो दावा / आपत्ति के जरिए उसे सुधारने का समय है। यह समय एक अगस्त नहीं, बल्कि शनिवार 2 अगस्त से शुरू होगा। आप खुद ही ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में अपना या अपनों का नाम सर्च कर सकते हैं और अगर यह नहीं मिले तो अपने आसपास लग रहे कैम्प में जाकर दावा / आपत्ति कर सकते हैं।

# भारत-रूस संबंधों पर चिढ़े ट्रंप को विदेश मंत्रालय की दो टूक

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कई अहम अंतरराष्ट्रीय मामलों पर भारत की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने अमेरिका की तरफ से कुछ भारतीय कंपनियों पर ईरान से व्यापार करने को लेकर लगाए गए प्रतिबंधों, रूस से तेल खरीद, यमन में मौत की सजा का सामना कर रहीं निमिषा प्रिया के मामले और भारत-अमेरिका संबंधों पर बयान दिया।

अमेरिका की तरफ से कुछ भारतीय कंपनियों पर ईरान से व्यापार के चलते लगाए गए प्रतिबंधों पर बोलते हुए रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने इन प्रतिबंधों को नोट किया है और इस



पर गौर कर रहे हैं।

रणधीर जायसवाल ने आगे कहा, किसी भी देश के साथ हमारे संबंध उसकी योग्यता पर आधारित हैं और उन्हें किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। जहां तक भारत-रूस संबंधों का सवाल है, हमारे बीच एक स्थिर और समय-परीक्षित साझेदारी है।

भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका के बीच एक व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है, जो साझा हितों, लोकतांत्रिक मूल्यों और मजबूत जनसंपर्क पर आधारित है। यह रिश्ता कई बदलावों और चुनौतियों के बावजूद मजबूत बना रहा है। हम अपने साझा एजेंडे पर ध्यान केंद्रित किए हुए हैं और हमें विश्वास है कि यह संबंध आगे भी प्रगति करेगा।

कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि कुछ भारतीय तेल कंपनियों ने रूस से तेल लेना बंद कर दिया है। इस पर प्रवक्ता ने कहा, आप हमारे ऊर्जा जरूरतों को लेकर समग्र दृष्टिकोण से अवगत हैं। हम बाजार में उपलब्ध विकल्पों और वैश्विक स्थिति को ध्यान में रखकर निर्णय लेते हैं। हमें इस बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं है।

## राहुल गांधी के वोट चोरी वाले बयान पर भड़के किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा चुनाव आयोग पर दिए गए बयान को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं को धमकाने और लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया।

रिजिजू ने कहा, यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं को धमकी दे रहे हैं। यह लोकतंत्र को कमजोर करने की एक बहुत बड़ी साजिश है। उनका यह रवैया और सोच बेहद खतरनाक है।

## उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की तारीखों का एलान, 9 सितंबर को मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को घोषणा की कि उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव 9 सितंबर को होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव की अधिसूचना 7 अगस्त को जारी की जाएगी और नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त होगी। नतीजे मतदान के दिन यानी 9 सितंबर को ही घोषित किए जाएंगे। जगदीप धनखड़ के 22 जुलाई को इस्तीफा देने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अंतर्गत निर्वाचन आयोग भारत के उपराष्ट्रपति के पद के लिए चुनाव कराता है। इसमें संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।

इसमें राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम की बात करें तो 1974 के नियम 40 के अनुपालन में निर्वाचन आयोग को इस निर्वाचक मंडल के सदस्यों की एक अद्यतन सूची, उनके नवीनतम पते सहित, तैयार करने और बनाए रखने का अधिकार है।

# दिल्ली को कूड़े से आजादी सफाई अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के महीने भर चलने वाले स्वच्छता अभियान दिल्ली को कूड़े से आजादी की शुरुआत झाड़ू लगाकर की। सीएम ने अभियान के तहत आईएसबीटी कश्मीरी गेट स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में साफ-सफाई की। वहीं, दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह और भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने दिल्ली के अरबिंदो मार्केट, ग्रीन पार्क क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन में भाग लिया। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, दिल्ली की व्यवस्था सुधारने का दम दिखाने वाली पिछली सरकारों ने इन कार्यालयों के लिए कुछ नहीं किया। मेरा यहां पहला दौरा है, इतनी महत्वपूर्ण समिति और विभाग की दुर्दशा देखकर मैं हैरान हूं। उन्हें अपना शीशमहल बनाने से फुर्सत नहीं मिली। हम अपने सभी विभागों के लिए नए कार्यालय बनाएंगे। एक बिल्कुल नया दिल्ली सचिवालय बनाया जाना चाहिए, जिसमें हर विभाग के लिए जगह हो। हम आज ही इसकी प्रक्रिया शुरू कर देंगे। सीएम रेखा गुप्ता ने कश्मीरी गेट पर भी ने झाड़ू लगाई। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से सुझाव प्राप्त किए और अधिकारियों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। अगस्त का पूरा महीना, दिल्ली में स्वच्छता के जन-आंदोलन का साक्षी बनेगा।

मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्लीवासियों से पूरी दिल्ली को स्वच्छ बनाने के मिशन को आगे बढ़ाने की अपील की। दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली को कूड़े से मुक्त करने के लिए यह पहल की। इसके तहत सभी लोग इस स्वच्छता अभियान में हिस्सा ले रहे हैं।

भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने जब शपथ ली थी तो उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया था कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का आधार बनाएं। देश स्वच्छ रहेगा तभी स्वस्थ रहेगा।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 1 अगस्त से लेकर 30 अगस्त तक दिल्ली को कूड़े से आजाद करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि हम दिल्ली के एक-एक कोने को साफ करेंगे, दिल्ली को साफ-सुथरा बनाएंगे और यहां की हवा को स्वच्छ बनाएंगे।

## पानी की तरह बहें, बम की तरह न फटें.., राहुल के परमाणु बम वाले बयान पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान पर तंज कसा है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनकी पार्टी के पास चुनाव में कथित अनियमितताओं को साबित करने के लिए परमाणु बम जैसे सबूत हैं। सत्तारूढ़ पार्टी ने कहा कि उन्हें बम की तरह फटने के बजाय पानी की तरह बहना चाहिए। सत्तारुढ़ पार्टी ने चुनाव आयोग पर निशाना साधने के लिए राहुल गांधी की भाषा को अलोकतांत्रिक और अपमानजनक बताया। भाजपा ने कहा, अगर वे बम फोड़ेंगे, तो हम संविधान की रक्षा करेंगे। कांग्रेस नेता ने दावा किया था कि उनकी पार्टी के पास चुनाव आयोग की कथित अनियमितताओं के खुले और बंद सबूत हैं। गांधी ने इन कथित सबूतों की तुलना परमाणु बम से की और कहा कि जब यह फटेगा, तो चुनाव आयोग के पास छिपने की कोई जगह नहीं होगी।

राहुल गांधी के बयान पर भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा, क्या राहुल गांधी बम की तरह फटेंगे? आप क्या सोचते हैं? उनका काम ही फटना है।

## पुणे में आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद बवाल

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले के दौंड तालुका के यवत गांव में एक युवक की कथित आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट के कारण तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। गांव में एक सप्ताह पहले ही एक घटना हो चुकी थी, इसलिए वहां पहले से ही माहौल तनावपूर्ण था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गांव के लोग सड़कों पर उतर आए और कुछ युवाओं ने एक संरचना को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। हालांकि, इस घटना में किसी के भी घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस की टीम क्षेत्र में मौजूद है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। वहीं इस मामले में पुणे एसपी संदीप सिंह गिल ने बताया, यहां यवत गांव में दोपहर करीब साढ़े बारह बजे पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक ने अपने व्हाट्सएप/फेसबुक पर एक आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया है।


## विपक्ष ने मंत्री विजय शाह का मांगा इस्तीफा, सदन की कार्यवाही 4 अगस्त तक के लिए स्थगित

**भोपाल।** विधानसभा सत्र का आज पांचवां दिन हंगामेदार रहा। कांग्रेस ने मंत्री विजय शाह का इस्तीफा मांगा। इस पर सदन में हंगामा हो गया। इसके अलावा किसानों को खाद नहीं मिलने का मुद्दा भी सदन में उठा। कांग्रेस ने इस पर भी प्रदर्शन किया। खुरई विधानसभा क्षेत्र में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर भाजपा विधायक भूपेंद्र सिंह ने ध्यान आकर्षित किया। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि 500 एकड़ पर आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लिया गया। मंत्री कारण सिंह वर्मा ने कहा कि सभी अवैध कब्जे हटाने का काम किया जा रहा है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मंत्री के जवाब से मैं संतुष्ट नहीं हूं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा जनजातियों की जमीन को बचाने के लिए यह ध्यान आकर्षण है। और विपक्ष इस समय प्रदर्शन कर रहा। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि क्या 500 एकड़ कब्जे की जांच नहीं करवा सकते हैं। मंत्री कारण सिंह ने कहा कि हम जांच करवा लेंगे। तीखी बहस के बीच 4 अगस्त तक के लिए विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। सदन में मंत्री विजय शाह के इस्तीफे को लेकर कांग्रेस ने हंगामा किया। कांग्रेस बोली ऐसे मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। बीजेपी बोली कांग्रेस देश का अपमान कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष के बोलने के बाद भी कांग्रेस विधायक नहीं माने तो विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

# संस्कृत को संवाद की भाषा बनाना जरूरी : भागवत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत की सभी भाषाओं की जड़ संस्कृत है और अब समय आ गया है कि इसे संवाद की भाषा बनाया जाए। नागपुर के कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक नए भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत को केवल समझना नहीं, बोलना भी आना चाहिए।

भागवत ने आगे कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकार का सहयोग तो मिलेगा ही, लेकिन असली जरूरत जनसहयोग की है।



उन्होंने माना कि उन्होंने स्वयं भी संस्कृत सीखी है, लेकिन धाराप्रवाह बोल नहीं पाते। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्कृत को हर घर तक पहुंचाना होगा और इसे संवाद का माध्यम बनाना पड़ेगा।

आरएसएस प्रमुख ने यह भी कहा कि आज देश में आत्मनिर्भर बनने की भावना पर आम सहमति है, लेकिन इसके लिए हमें अपनी बौद्धिक क्षमता और ज्ञान को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि भाषा केवल शब्दों का माध्यम नहीं, बल्कि भाव होती है और हमारी असली पहचान भी भाषा से ही जुड़ी होती है।

मोहन भागवत ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और चेतना की वाहक है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति संस्कृत जानता है, वह भारत को गहराई से समझ सकता है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि स्वत्व यानी आत्मबोध कोई भौतिक चीज नहीं, बल्कि यह हमारी वैचारिक और सांस्कृतिक पहचान है, और इसे व्यक्त करने के लिए भाषा का माध्यम जरूरी है।

इस मौके पर मोहन भागवत ने कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय में अभिनव भारती अंतरराष्ट्रीय अकादमिक भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह संस्थान न केवल संस्कृत भाषा को जीवंत बनाए रखेगा, बल्कि इसे रोजमर्रा की बोलचाल की भाषा बनाने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

मोहन भागवत का यह संदेश सिर्फ एक भाषण नहीं, बल्कि एक आह्वान है कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा को पुन: जागृत करने के लिए संस्कृत को आम जीवन में अपनाना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की साझी जिम्मेदारी है।

# तहसील न्यायालय रामपुर नैकिन में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

### पंच-ज अभियान के तहत किया गया पौधरोपण




**सीधी।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में पंच-ज अभियान के तहत श्री मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, श्री परमानंद सनोडिया अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन, श्री अरहम खान न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक द्वारा दिनांक 31.07.2025 को तहसील न्यायालय रामपुर नैकिन में जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों को उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध नि:शुल्क विधिक सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर का उद्देश्य आमजन तक न्याय तक सुलभ पहुँच सुनिश्चित करना था। शिविर के दौरान श्री परमानंद सनोडिया अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति रामपुर नेकिन ने उपस्थित लोगों को विधिक सहायता योजनाओं, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों एवं समाज के कमजोर वर्गों को मिलने वाली नि:शुल्क कानूनी सहायता के बारे में जानकारी दी। श्री अरहम खान न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन ने उपस्थित पक्षकारों को नि:शुल्क विधिक सहायता योजना, नालसा हेल्पलाईन नं. 15100, नालसा पोर्टल, पीड़ित प्रतिकर योजना, लोकोपयोगी लोक अदालत, मध्यस्थता योजना की जानकारी दी। श्री मनीष कौशिक ने आगामी दिनांक 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में की जानकारी दी। उन्होने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आमजन को न्याय दिलाने हेतु निरंतर कार्यरत है।

कार्यक्रम के उपरांत पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए सचिव द्वारा तहसील परिसर रामपुर नैकिन में पौधरोपण भी किया गया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और हरित वातावरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने पौधारोपण के पर्यावरणीय, सामाजिक एवं स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए लोगों को अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही डॉन, साथी एवं संवाद योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। सचिव ने इन योजनाओं के तहत संचालित गतिविधियों की जानकारी ली तथा इनके प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इन योजनाओं के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों तक न्याय पहुचाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में श्री मुकेश कुमार शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी, श्री परमानंद सनोडिया अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन, श्री अरहम खान न्यायिक मजिस्ट्रे प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री मनीष कौशिक, अधिवक्ता, तहसील न्यायालय का स्टाफ सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आमजन नागरिक उपस्थित रहे।

न्यायालय परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियो और अधिवक्ताओं ने विभिन्न प्रकार की किस्मों के फलदार, छायादार पौधों को रोपकर उनकी देखभाल कर बड़ा करने का संकल्प भी लिया।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर परिचर्चा आयोजित



**सीधी**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय (अग्रणी) सीधी के प्राचार्य डॉ.राम नारायण स्वर्णकार के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय मड़वास में 'कारगिल विजय दिवस' के अवसर पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती जी की आराधना के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ .दीपक अग्निहोत्री ने किया आपने कारगिल युद्ध में वीर सैनिकों के शौर्य और पराक्रम के बारे में अपनी बात कही। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने कारगिल युद्ध के बारे में विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही अन्य वक्ताओं ने भी बात रखी। आभार प्रदर्शन डॉ. आकांक्षा मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर कारगिल युद्ध में देश पर बलिदान होने वाले शहीद सैनिकों को याद कर उन्हें नमन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ.कमलेश जायसवाल, डॉ. संगीता मिश्रा, डॉ. अनुराग तिवारी, डॉ. सौरभी गुप्ता,, डॉ. निशा सिंह, डॉ. संध्या वर्मा, डॉ.पंकज मिश्रा, डॉ. रामधारी जायसवाल, डॉ. सुरेंद्र गुप्ता, डॉ. अमिता खरे, प्रो. बाबा हरिनन्द, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. ज्योति मौर्य, प्रो. प्रवीण कुमार, डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें उपस्थित थे।

## डिप्टी कलेक्टर एसपी मिश्रा को खाद्य विभाग का प्रभार

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी कर प्रशासनिक कार्य को दृष्टिगत रखते हुए एस.पी. मिश्रा डिप्टी कलेक्टर को प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी/ आहरण संवितरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। राजेश कुमार सिंह कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सीधी विभागीय सम्पूर्ण कार्य सम्पादित करेंगे। उल्लेखनीय है कि नागेन्द्र प्रताप सिंह सहायक आपूर्ति अधिकारी/ प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी जिला सीधी 62 वर्ष की अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर दिनांक 31.07.2025 को सेवानिवृत्त किया गया है।

# विश्व स्तनपान सप्ताह का हुआ आयोजन



**सीधी।** जिले में 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिला अस्पताल सीधी में इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता तिवारी, डॉ प्रभा तिवारी, डॉ आर बी सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक पुष्पेंद्र शुक्ला, जिला कम्युनिटी मोबाइलजर, नरेंद्र पटेल एवं अन्य चिकित्सक स्टाफ तथा नूरा हेल्थ से संभागीय समन्वयक दीपक अधिकारी उपस्थित रहे। जिला अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर द्वारा रंगोली बनाकर प्रदर्शनी लगाई और वार्ड में उपस्थित महिलाओं को बच्चों सहित बुलाकर परामर्शदाता मनोरमा त्रिपाठी के द्वारा स्तनपान के तरीके और काउंसलिंग की गई। इस अवसर पर लगातार 7 दिन तक अलग-अलग गतिविधियां संपादित की जावेगी। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बबीता खरे के निर्देशन में संपन्न हुआ। जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा जिला अस्पताल एवं समस्त विकासखंड में सीएचसी, पीएचसी, एच डब्ल्यू सी में विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाने के लिए कहा गया।

# नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु 17 स्थलों पर नशा से दूरी है जरूरी कार्यक्रम सम्पन्न




**सीधी।** दुर्लभ मानव जीवन को नशे के शिकंजे से बचाने हेतु मध्यप्रदेश पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 रवीन्द्र वर्मा के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में 15 जुलाई से 30 जुलाई तक नशा से दूरी है जरूरी प्रदेश व्यापी महा अभियान में समाज के सभी वर्गों से अपनी सहभागिता निभाने की अपील पर सेवा निवृत्त जिला प्रमुख कलाकार सामाजिक न्याय विभाग व बिधिक सेवा प्राधिकरण के पी.एल.बी. व ग्राम सुधार समिति के अनुबंधित कलाकार सुरेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा महिला थाना सीधी कोल्हूडीह शासकीय हाई स्कूल कोचिला, शासकीय हाई स्कूल भगोहर, आर.एन. डिस्प्ले स्कूल खाम्ह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाम्ह, आवासीय आदिवासी कन्या परिसर खाम्ह, पी.एम. श्री हायर सेकण्ड्री चौफाल, आदिवासी जूनियर एवं आदिवासी सीनियर छात्रावास पुरानी सीधी, जूनियर छात्रावास नेबूहा, आदिवासी बालक छात्रावास बरमबाबा, आदिवासी सीनियर छात्रावास कोचिला, शासकीय हाई स्कूल नेबूहा, शासकीय हायर सेकण्ड्री स्कूल बरमबाबा, मारिशन विद्यालय सीधी व समापन समारोह कोतवाली सीधी 17 स्थलों पर नशा मुक्ति पर केन्द्रित प्रभावी समझाइस हृदय स्पर्शी प्रेरक गीता व नारों व शपथ के द्वारा नशा से दूर रहने व स्वस्थ्य व सभ्य समाज के निर्माण हेतु बैदेही फाउण्डेशन जन कल्याण समिति सीधी सचिव पूजा तिवारी द्वारा वाहन व पेट्रोल माइक सेट का सहयोग प्रदान कर इस पीडित मानवता व समाजसेवा में अपनी महत्वपूर्ण सेवा सहयोग कर अपनी सहभागिता निभाई जिसमें करीब 25000 लोगो तक नशा से दूरी है जरूरी का संदेश देकर जनमानस को युवाओं को जागृत व प्रेरित किया गया।

## जिला अधिवक्ता संघ सीधी निर्वाचित पदाधिकारियो और कार्यकारिणीयो ने जताया आभार

**सीधी।** जिला अधिवक्ता संघ सीधी के पदाधिकारियो और कार्यकारिणी सदस्यो के वर्ष 2025-2027 के निर्वाचन मे नवनिर्वाचित पदाधिकारी बृजेन्द्र सिंह अध्यक्ष, युनूस सिद्दीकी उपाध्यक्ष, रवीन्द्र गौतम सचिव, प्रदीप सिंह चौहान सहसचिव, रोहिणी पटेल कोषाध्यक्ष, भारत भूषण परासर पुस्तकाध्यक्ष, एवं कार्यकारिणी सदस्य मे निर्वाचित पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, विद्याकान्त मिश्रा, नीरज मिश्रा, विष्णु बहादुर सिंह, राजेश कुमार सिंह गहरवार निर्वाचित होने पर सभी अधिवक्तागण का आभार व्यक्त किया है, अधिवक्तागण द्वारा पूरे उत्साह से अपना सहयोग प्रदान किया, संघ के पदाधिकारियो और कार्यकारिणी की जीत सभी अधिवक्ताओ की जीत है, अधिवक्ता संघ हमेशा अधिवक्ताओ और संघ के हितो के लिये हमेशा कार्य करता रहेगा, निर्वाचित संघ के पदाधिकारियो और कार्यकारिणी के द्वारा निर्वाचन प्रक्रिया मे चुनाव अधिकारी और उनकी पूरी टीम निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण मतदान कराने के लिये और पुलिस प्रशासन के द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी प्रकार की अनहोनी नही हो पाई जिला अधिवक्ता संघ उनका आभारी है और साथ ही न्यायालीन पर्यवेक्षक शैलेन्द्र वर्मा सदस्य राज्य अधिवक्ता परिषद जबलपुर द्वारा निष्पक्ष निर्वाचन कराने के लिये जिला अधिवक्ता संघ सीधी आभारी है।

## भेल एक्स-एमईआर का डिफरेंशियल प्रोटेक्शन रिले बदलने के लिए 04 अगस्त को विद्युत आपूर्ति बंद

**सीधी।** अधीक्षण अभियंता (संचा-संधा) म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. सीधी ने जानकारी देकर बताया कि 132 के.व्ही. उपकेन्द्र रामपुर नैकिन में 40 एम.व्ही.ए. भेल एक्स-एमईआर का डिफरेंशियल प्रोटेक्शन रिले बदलने के लिए दिनांक 04.08.2025 को दोपहर 12 बजे से शाम 05 बजे तक विद्युत आपूर्ति बन्द रहेगी। उन्होंने बताया कि दिनांक 04.08.205 दोपहर 12 बजे से शाम 05 बजे तक 132 के.व्ही. उपकेन्द्र रामपुरनैकिन में निम्नांकित 33 के.व्ही. रामनगर, बघवार, धनहा, रामपुरनैकिन, कोठिया, भरतपुर फीडर में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर शिविर का हुआ आयोजन




**सीधी।** जिले में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत 28 जुलाई विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला सीधी में सीएमएचओ डॉ बबिता खरे के मार्गदर्शन में जिला महामारी नियंत्रक डॉ माधव पाण्डेय द्वारा हेपेटाइटिस नियंत्रण टीम लैब टेक्नीशियन, पियर सपोर्टर व आईसीटीसी केंद्र के साथ समन्वय कर जांच शिविर आयोजित कराया गया। शिविर में हेपेटाइटिस बी, सी एवं एचआईवी की - 74 हाई रिस्क ग्रुप एवं 12 जनरल पापुलेशन की टोटल 86 जांच हुई। हाई रिस्क ग्रुप में से 33 इंजेक्टेबल ड्रग यूजर की हैपेटाइटिस बी और सी की जाँच की गई जिसमे 07 हैपेटाइटिस सी पाजिटिव पाए गए एवं 38 फीमेल सेक्स वर्कर, 3 समलैंगिक की जांच की गई जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं आया। 30 जुलाई को जिला जेल सीधी में जेल अधीक्षक के सहयोग से हेपेटाइटिस नियंत्रण टीम और टीआई एनजीओ के साथ समन्वय स्थापित कर जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमे हेपेटाइटिस बी, सी एवं एचआईवी टी बी की 156 कैदियों की जांच हुई जिसमे हेपेटाइटिस बी 2 व हेपेटाइटिस सी 1 पॉजीटिव पाए गए। डॉ पाण्डेय ने बताया कि उक्त सभी पॉजिटिव मरीजों का वायरल लोड एवं बेसलाइन जांचे भी कराई गई।

## जिला परिवहन अधिकारी ने दोपहिया वाहन शो-रूमों का किया निरीक्षण

**शहडोल।** जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती अनपा खान ने संभागीय मुख्यालय शहडोल स्थित गुप्ता आटोमोबाइल, हीरो दो पहिया, मनोज आटो मोबाइल टीव्हीएस,विभोर आटोमोबाइल हीरो, एसएस आटोमोबाइल टीव्हीएस सहित अन्य दोपहिया वाहन शोरूमों का निरीक्षण किया तथा शोरूम संचालकों से चर्चा करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला परिवहन अधिकारी ने सभी ऑटोमोबाइल डीलर्स को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि विक्रय किए जाने वाले प्रत्येक वाहन का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से विक्रेता को वाहन सौंपने से पूर्व सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना रजिस्ट्रेशन के वाहन सड़क पर न उतरें, इसके लिए डीलर्स जिम्मेदार रहेंगे। आगामी अगस्त माह में सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले शोरूमों और वाहन स्वामियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श ग्राम लदवद खुर्द में नवांकुर सखी हरियाली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति जमुआर द्वारा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के निर्देशन और जिला समन्वयक शिवदत्त उर्मलिया के मार्गदर्शन में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा महोत्सव अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत सवैचा सेक्टर सिहावल विकासखंड सिहावल जिला सीधी में किया गया। कार्यक्रम सरपंच बमूरी विमलेश कोल के मुख्य आतिथ्य में और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक अनिल कुमार पाठक, सवैचा सरपंच प्रतिनिधि योगेश कोल उपसरपंच श्यामलाल सेन संतोष पाठक के विशिष्ट आतिथ्य नवांकुर संस्था गीतांजलि जन कल्याण समिति के अध्यक्ष रविशंकर मिश्र ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लदबद खुर्द के अध्यक्ष केशव पाठक के सहयोग से किया गया। नवांकुर सखी योजना अंतर्गत सभी अतिथियों ग्राम की नवांकुर सखी और ग्रामीण जन की उपस्थिति में गाजे बाजे के साथ बड़े धूम धाम से नवांकुर सखी के बैनर, कलश और पेड़ पौधे लेकर हरियाली यात्रा पूरे ग्राम पंचायत में हरियाली महोत्सव के नारे के साथ निकाली गई। रैली के बाद सभा का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लदबद खुर्द कार्यालय के पास किया गया जिसमें विकास खंड समन्वयक अनिल पाठक द्वारा पर्यावरण की सुरक्षा के बारे में बताया गया कि हर व्यक्ति कों पौधे लगाना और उसकी सुरक्षा करना अनिवार्य है। एक पौधे को सौ पुत्रो के समान बताया गया।

इसके बाद सभी नवांकुर सखी को 11 - 11 पौधे मुनगा, करंज, आम, अमरूद, मीठी नीम, नीम, सीताफल, अर्जुन, नीम आदि पौधे मुख्य अतिथि सरपंच के हाथों से दिलाया गया। इसके बाद अनिल पाठक द्वारा सभी उपस्थित जन को पर्यावरण संरक्षण हेतु शपथ दिलाया गया। अंत में समिति संचालक रविशंकर मिश्र द्वारा नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत नशा के दुष्प्रभाव के बारे बताया गया और सभी को नशा मुक्ति का शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में आंगनवाडी कार्यकर्ता श्यामबती पटेल, आशा बंदना पटेल, शांति पटेल, शिवकुमार सेन, परामर्श दाता स्वाति तिवारीऔर अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

कार्यालय वन संरक्षक सामाजिक वानिकी वृत्त रीवा (म.प्र.)
जयन्ती कुंज, झिरिया, रीवा
E-Mail- ccfre.rwa@mp.gov.in , Phone- 07662- 297493

वित्तीय वर्ष 2025–26 में निर्माण कार्य अंतर्गत बिजली आपूर्ति सामग्रियों के क्रय हेतु द्वितीय ई–निविदा सूचना।

समस्त प्रदायकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वनमण्डलाधिकारी, सामाजिक वानिकी वृत रीवा के अधीनस्थ इकाई रीवा (रोपणी–रीवा,हर्दीशंकर,बैदहा), सतना(रोपणी–रामटेकरी,मुकुन्दपुर,उमरी,परसवाही),सिंगरौली(रोपणी–निगरी,ओवरी,मोरबा), चित्रकूट(रोपणी–सरभंगा,गहिरा),शहडोल(रोपणी–धनुपरी,विचारपुर,समधिन), सीधी (रोपणी–बदरखेड़ा,टिकरी,जोगदहा),अनूपपुर(रोपणी-सीतापुर,अमरकंटक)एव उमरिया(रोपणी-मझगवां) के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभागीय रोपणियों में निर्माण कार्य अंतर्गत बिजली आपूर्ति सामग्रियों के क्रय की आवश्यकता है, उक्त सामग्री का प्रदाय रोपणी स्थल पर किया जाना होगा। उक्त सामग्री के लिए द्वितीय ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इस द्वितीय ई–निविदा के लिए दिनांक 31-7-25 से आवेदन ऑनलाईन के माध्यम से वेबसाईट https://mptenders.gov.in के द्वारा ही स्वीकार्य किया जावेगा। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 19-8-25 तक है। निविदा की दिनांक 21-8-25 .............. टेक्निकल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी एवं 21-8-25 को फाईनेंशियल बिड खोलने की कार्यवाही की जावेगी।

(वनमण्डलाधिकारी द्वारा अनुमोदित)

जी–16575/25

सहायक वन संरक्षक
सामाजिक वानिकी वृत्त, रीवा

## संपादकीय

### ऑपरेशन सिंदूर पर बहस सार्थक जीवंत रही

संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर हुई लंबी बातचीत न केवल स्वस्थ, सार्थक और जीवंत रही बल्कि इसने सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों को उनके बेहतर रंग में देश के सामने रखा। खासकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह स्पष्ट घोषणा सामने आई कि 'दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा' जिससे वह अस्पष्टता दूर हो गई, जो इस मुद्दे को लेकर बनी हुई थी। यही नहीं, प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की नई नीति और ऑपरेशन सिंदूर के निहितार्थों को बहुत बारीकी से स्पष्ट किया। पीएम मोदी का जवाब केवल विपक्ष के लिए नहीं था। यह सवाल पूरे देश को परेशान कर रहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के व्यापार रोकने की धमकी देकर सीजफायर कराने के दावों में कितनी सच्चाई है। हालांकि विदेश मंत्री एस. जयशंकर पहले भी ट्रंप के दावों को नकार चुके हैं, लेकिन सरकार के मुखिया की तरफ से आया जवाब पूरी दुनिया के लिए संदेश है कि भारत ऐसे फैसले किसी के दबाव में नहीं लेता। पाकिस्तान के साथ टकराव के किसी भी मोड़ पर भारत का इरादा संघर्ष बढ़ाने का नहीं था। सरकार की ओर से खुली छूट होने के बावजूद भारतीय सेना की कार्रवाई सटीक, संतुलित और गैर-उकसावे वाली थी। भारत इस लक्ष्य के साथ उतरा था कि सीमा पार मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करके आतंक के आकाओं को सबक सिखाना है। यह संयमित रुख दिखाता है कि भारत युद्ध नहीं चाहता लेकिन अगर पाकिस्तान ने कोई दुस्साहस किया, तो उसे करारा जवाब देने में संकोच नहीं करेगा। पीएम ने डिफेंस सेक्टर में सुधार से लेकर दुनिया में भारतीय हथियारों की बढ़ती मांग तक पर सिलसिलेवार ढंग से बात रखी। उन्होंने हर उस पहलू को छुआ, जिसे लेकर हाल में बहस बढ़ी है। आमतौर पर राजनीति में मुद्दे नारों के शोर में खो जाते हैं, लेकिन पीएम के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष ने जिस तरह का जिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार दिखाया उसकी सराहना की जानी चाहिए। मॉनसून सत्र का काफी वक्त हंगामे की भेंट चढ़ चुका है। विपक्ष की मांग थी कि ऑपरेशन सिंदूर पर संसद में चर्चा हो। लंबी चर्चा हुई, विपक्ष ने आक्रामक तेवर दिखाते हुए अपने सारे संदेह और सवाल सदन में रखे, सरकार ने अपने ढंग से उनके जवाब भी दे दिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि अब सत्र के बचे हुए हिस्से में संसद में हंगामा, शोरगुल और बॉयकॉट नहीं बल्कि स्वस्थ, सार्थक चर्चा और सवाल-जवाब देखने को मिलेंगे।

*भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश और भारतीयों के महत्व को किनारे करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर बताया कि यह टैरिफ एक अगस्त से लागू होगा। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा घोषित 25 प्रतिशत टैरिफ पहले घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त होगा या उसी में समाहित होगा। क्योंकि ट्रंप ने इससे पहले 2 अप्रैल को भारत सहित कई देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी थी, जिसे पहले 90 दिनों तक और फिर बाद में एक अगस्त तक के लिए टाल दिया गया था। ट्रंप ने टैरिफ का यह ऐलान एकतरफा तरीके से करके अपने इरादों को जाहिर कर दिया है। जबकि टैरिफ और व्यापारिक रिश्तों पर भारत और अमेरिका के अधिकारी पिछले कई महीनों से चर्चा कर रहे हैं और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी दल के 25 अगस्त को भारत आने का कार्यक्रम पहले ही तय हो चुका है।*


# ट्रंप का टैरिफ, पेनल्टी हमला और पाकिस्तान से तेल खरीदने की नसीहत- भारत को सटीक जवाब देने की जरूरत

(संतोष कुमार पाठक)

भारत सरकार ने ट्रंप के इस टैरिफ वॉर पर फिलहाल संतुलित प्रतिक्रिया ही दी है। भारत सरकार के वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार के विषय पर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान का संज्ञान लिया है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार भारत पर टैरिफ और पेनल्टी अर्थात जुर्माने का हमला कर ही दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप यह भूल गए कि भारतीयों ने उनके देश के विकास में कितनी अहम और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ट्रंप ने भारत पर सिर्फ 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की ही घोषणा नहीं की है बल्कि भारत की लॉन्ग टर्म ट्रेड प्रैक्टिस और वैश्विक नीति पर सवाल उठाने की कोशिश की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत द्वारा रूस से हथियार और तेल खरीदने का जिक्र करते हुए भारत पर पेनल्टी के रूप में अतिरिक्त जुर्माना लगाने की भी घोषणा की है। भारत का ब्रिक्स संगठन का महत्वपूर्ण देश होना भी अमेरिका को खटक रहा है।

भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश और भारतीयों के महत्व को किनारे करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को भारतीय सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर बताया कि यह टैरिफ एक अगस्त से लागू होगा। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा घोषित 25 प्रतिशत टैरिफ पहले घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ के अतिरिक्त होगा या उसी में समाहित होगा। क्योंकि ट्रंप ने इससे पहले 2 अप्रैल को भारत सहित कई देशों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी थी, जिसे पहले 90 दिनों तक और फिर बाद में एक अगस्त तक के लिए टाल दिया गया था। ट्रंप ने टैरिफ का यह ऐलान एकतरफा तरीके से करके अपने इरादों को जाहिर कर दिया है। जबकि टैरिफ और व्यापारिक रिश्तों पर भारत और अमेरिका के अधिकारी पिछले कई महीनों से चर्चा कर रहे हैं और छठे दौर की बातचीत के लिए अमेरिकी दल के 25 अगस्त को भारत आने का कार्यक्रम पहले ही तय हो चुका है।

भारत सरकार ने ट्रंप के इस टैरिफ वॉर पर फिलहाल संतुलित प्रतिक्रिया ही दी है। भारत सरकार के वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को बयान जारी कर कहा, सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार के विषय पर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान का संज्ञान लिया है। सरकार इसके संभावित प्रभावों का अध्ययन कर रही है। भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। हम इस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारत के बयान में आगे कहा गया है, सरकार भारत के किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के कल्याण और हितों को सर्वोच्च महत्व देती है। राष्ट्रहित में सरकार सभी आवश्यक कदम उठाएगी, जैसा कि हाल ही में ब्रिटेन के साथ हुए समझौते सहित अन्य व्यापार समझौतों में किया गया है।

भारत की इस संतुलित प्रतिक्रिया को कूटनीतिक और वैश्विक रिश्तों के लिहाज से भले ही महत्वपूर्ण माना जा रहा हो लेकिन ट्रंप के रुख को देखते हुए भारत पर उसी भाषा में जवाब देने का दबाव भी बढ़ता ही जा रहा है। क्योंकि भारत पर टैरिफ और जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ मिलकर तेल के एक बड़े भंडार को विकसित करने की भी घोषणा कर दी है। इतना ही नहीं ट्रंप ने इशारों-इशारों में यह कहने की भी कोशिश की है कि आने वाले समय में भारत पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है।

वर्ष 2030 तक भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय व्यापार को 500 बिलियन डॉलर तक ले जाने के लिए हो रही बातचीत के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के ये दोनों ऐलान काफी चौंकाने वाले हैं और उनके इरादों को स्पष्ट भी करते हैं। ट्रंप को यह बखूबी पता है कि व्यापारिक रिश्ते अपनी जगह है लेकिन भारत दुनिया के किसी भी अन्य देश को अपनी विदेश नीति तय करने का अधिकार नहीं दे सकता है।

भारत हर हाल में अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर चलने की कोशिश करेगा और अमेरिका किसी भी हालत में भारत को यह आदेश देने में कभी भी सक्षम नहीं हो पाएगा कि हम उसके आधार पर अपनी विदेश नीति तय करें।

भारत में सरकारें बदलने के बावजूद विदेश नीति में एक प्रकार की निरंतरता ही रही है। भारत रूस जैसे भरोसेमंद देश के साथ अपनी दोस्ती अमेरिका जैसे देश के लिए तो कतई नहीं छोड़ सकता है। रूस की बजाय पाकिस्तान से तेल खरीदने की ट्रंप की नसीहत भी भारत के लिए सही नहीं है क्योंकि आतंकवाद फैलाने वाले देश पाकिस्तान पर तो भरोसा किया ही नहीं जा सकता।

ऐसे में निश्चित तौर पर , भारत सरकार पर अमेरिका को उसी की भाषा में जवाब देने का दबाव बढ़ता जा रहा है। ध्यान देने वाली बात है कि, चीन सहित दुनिया के कई देशों ने डोनाल्ड ट्रंप को उन्हीं की भाषा में जब जवाब दिया तो उन्हें पीछे हटना पड़ा। अमेरिका में रह रहे जिन भारतवंशियों के वोट पर ट्रंप राष्ट्रपति बने हैं,उन दबाव समूहों का भी इस्तेमाल करने का सही वक्त आ गया है। आज भारत भी अमेरिका की घरेलू राजनीति को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। लेकिन इस जवाबी कार्रवाई के लिए भारत में राजनीतिक एकता की भी जरूरत है। इसलिए समय की मांग है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस समेत देश के सभी महत्वपूर्ण राजनीतिक दलों से बात कर एक साझी जवाबी रणनीति बनाए, जिस पर देश के अंदर राजनीतिक बयानबाजी कतई नहीं हो। क्योंकि अगर 143 करोड़ से भी ज्यादा आबादी वाला देश ( भारत ) एक सुर में डोनाल्ड ट्रंप को जवाब देगा तो अमेरिका से भी उनके खिलाफ आवाज उठनी शुरू हो जाएगी। भारत के हितों के साथ-साथ, भारत के मान-सम्मान और प्रतिष्ठा को बचाने के लिए यह बहुत जरूरी है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# शोनार बांग्ला' कैसे बन रहा उद्योग-धंधों का कब्रिस्तान

रामस्वरूप रावतसरे

पश्चिम बंगाल से बीते डेढ़ दशक में 6 हजार से अधिक कंपनियों ने अपना बोरिया बिस्तर बांधा है। इनमें से 2 हजार से अधिक कंपनियाँ बीते 5 वर्षों में राज्य छोड़ कर गई हैं। यह भी सामने आया है कि इस दौरान यह कंपनियाँ दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों को गई हैं। पश्चिम बंगाल से उद्योग धंधों का यह पलायन तृणमूल कॉन्ग्रेस (टीएमसी) के राज में हुआ है। पश्चिम बंगाल में जहाँ एक ओर कंपनियाँ राज्य छोड़ कर जा रही हैं, वहीं नए निवेश भी नाममात्र को हो रहे हैं। देश के चौथे सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रदेश के लिए यह स्थिति गंभीर और चिंताजनक है।

यह आँकड़े भले ही चौंकाने वाले हों, लेकिन उद्योग-धंधों का पलायन और पश्चिम बंगाल का पुराना रिश्ता है। देश के बड़े कारोबारी घरानों के अपना मुख्यालय शिफ्ट करने से बड़े ब्रांड्स के फैक्ट्री बंद करने तक यही हाल बीते कई सालों से है। इसमें एक कारण ममता बनर्जी सरकार का उद्योग विरोधी रुख और राज्य की खस्ताहाल कानून-व्यवस्था बताया जा रहा है। कभी एशिया की बड़ी औद्योगिक ताकतों में से एक गिने जाने वाले कोलकाता के अवसान की यह पटकथा ममता बनर्जी के राज से पहले वामपंथियों ने लिख दी थी लेकिन ममता बनर्जी ने इस पटकथा को अंतिम रूप दिया है और उद्योग-धंधों में इजाफा करने के बजाय उनके ताबूत में आखिरी कील ठोंकने की कसर पूरी कर दी है।

राज्यसभा में मानसून सत्र के दौरान भाजपा के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने पश्चिम बंगाल पर एक प्रश्न पूछा। उनके उत्तर में केन्द्र सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने बताया है कि वर्ष 2011-12 से वर्ष 2024-25 के बीच पश्चिम बंगाल से 6688 कंपनियाँ राज्य छोड़ कर गई हैं। मंत्रलाय के उत्तर के अनुसार इनमें से एक तिहाई यानी 2200 से अधिक कंपनियाँ वर्ष 2019 के बाद से राज्य छोड़ कर गई हैं। यह ट्रेंड 2011 में टीएमसी के सत्ता में आने के बाद से लगातार जारी है। मंत्रालय के अनुसार, पश्चिम बंगाल छोड़ने वाली 6688 कंपनियों में से 110 कंपनियाँ ऐसी थीं जो शेयर बाजार में भी सूचीबद्ध थीं। मंत्रालय का डाटा बताता है कि 2017-18 के दौरान सबसे अधिक 1027 कंपनियों ने पश्चिम बंगाल छोड़ा है। 2015-16 और और 2016-17 के दौरान क्रमशः 869 और 918 कंपनियों ने पश्चिम बंगाल से कारोबार समेटा है।

कॉर्पोरेट मंत्रालय के उत्तर के अनुसार पश्चिम बंगाल छोड़ने वाली कंपनियाँ दूसरे राज्यों में जा रही हैं। इनका पलायन ऐसे राज्यों में हो रहा है, जहाँ उद्योग को लेकर नीतियाँ सरल हैं और उन्हें प्रोत्साहित किया जा रहा है। 2011-25 के बीच पश्चिम बंगाल छोड़ कर सर्वाधिक कंपनियाँ महाराष्ट्र गई हैं। इसके अलावा दिल्ली और उत्तर प्रदेश उनकी पसंदीदा लोकेशन में शामिल हुए हैं। कॉर्पोरेट मंत्रालय का उत्तर बताता है कि पश्चिम बंगाल छोड़ने वाली 1300 से अधिक कंपनियाँ 2011-25 के बीच महाराष्ट्र गई हैं। वहीं 1297 ने दिल्ली को चुना है। इसके अलावा 879 कंपनियाँ पश्चिम बंगाल छोड़ कर उत्तर प्रदेश में गई हैं। छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान भी 1000 से अधिक कंपनियाँ पश्चिम बंगाल से छीनने में सफल रहे हैं हालाँकि, इस सबका तृणमूल सरकार पर कोई असर नहीं दिखाई पड़ता है। वह उद्योग धंधों को राज्य में लाने के बजाय उन्हें और राज्य निकाला देने पर तुली दिखाई पड़ती है।

जानकारों की माने तो पश्चिम बंगाल में दशकों से व्यापार करने वाली कंपनियाँ एक ओर राज्य छोड़ रही हैं तो वहीं हाल ही में बनर्जी की सरकार ने कुछ ऐसा किया है जिससे यह पलायन और तेज हो सकता है। अप्रैल, 2025 में राज्य की ममता सरकार ने उद्योगों को लाभ पहुँचाने वाली सभी सरकारी योजनाओं को बंद कर दिया था। उद्योग-धंधों को लुभाने के लिए 1993 से लेकर 2021 तक बनाई गई सभी नीतियाँ एक झटके में राज्य सरकार ने खत्म कर दी थीं। इसका असर यह होगा कि राज्य में कोई भी उद्योग स्थापित करने पर किसी कारोबारी को कोई लाभ नहीं मिलेगा चाहे वह जमीन से जुड़ा हो, बिजली से जुड़ा हो या फिर अन्य किसी एंगल से।

एक रिपोर्ट बताती है कि ममता सरकार ने उद्योग धंधों को यह फायदे देने इसलिए बंद किए थे ताकि वह 'सामाजिक कार्यों' के लिए और पैसा सरकारी खजाने से मुक्त कर सके। इसका अर्थ है कि ममता सरकार उद्योग धंधों को बंद करके लोगों को और खुद पर निर्भर करना चाहती है। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल के इस कदम से कई सीमेंट कंपनियाँ बड़ा झटका झेलेंगी। इनमें डालमिया जैसे देश के पुराने और विशाल कारोबारी घराने भी शामिल हैं। यह नुकसान 500 करोड़ तक का बताया गया था। उद्योग धंधों को कोई भी लाभ ना देने का यह कदम पश्चिम बंगाल सरकार ने ऐसे समय में उठाया है जब बाकी राज्य उनके लिए बाँहें खोल कर खड़े हैं। कहीं 1 रूपये में जमीन दी जा रही है तो कहीं पूरे-पूरे नए शहर बनाए जा रहे हैं ताकि उद्योग-धंधे उनके यहाँ आ सकें। पश्चिम बंगाल में पुरानी कंपनियाँ तो बाहर जा रही हैं, नया निवेश भी सिर्फ घोषणाओं और कागजों में ही आ रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया था कि जनवरी-नवम्बर 2024 में पश्चिम बंगाल में 39 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए थे। उन्होंने दावा किया था कि यह देश में तीसरा सर्वाधिक है। केंद्र सरकार के एक और विभाग की एक रिपोर्ट इस दावे की सच्चाई खोलती है। भले ही राज्य में बड़े-बड़े निवेश के वादे किए गए हो लेकिन असल में यह वादों के मुकाबले कहीं नहीं ठहरता। डीपीआईआईटी की आईईएम रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल में 2024 में नवम्बर माह तक 3735 करोड़ के निवेश ही हुए थे जबकि वादा कहीं अधिक था। पश्चिम बंगाल औद्योगिक निवेश के मामले में भी बाक़ी राज्यों के सामने कहीं नहीं ठहरता। यही रिपोर्ट बताती है कि 2020-24 के बीच जहाँ उत्तर प्रदेश में 71 हजार करोड़ से अधिक का निवेश हुआ है तो वहीं इस दौरान पश्चिम बंगाल मात्र 15 हजार करोड़ का ही निवेश आकर्षित करने में सक्षम रहा। निवेश आकर्षित करने के मामले में वह झारखंड तक से पीछे बताया जा रहा है।

पश्चिम बंगाल छोड़ने का सिलसिला लगातार जारी ही रहा है। 2024 में राज्य में ब्रिटानिया ने अपनी दशकों पुरानी बिस्किट फैक्ट्री को ताला लगा दिया था। यह फैक्ट्री कोलकाता के पास स्थापित थी। इसी तरह कई जूट मिलें भी राज्य में बंद हो चुकी हैं, या फिर अंतिम साँसे गिन रही हैं। ब्रांड्स के बंगाल छोड़ने का सिलसिला कोई नया नहीं है। असल में ममता बनर्जी के राजनैतिक करियर का सबसे बड़ा मोड़ यही एक कारण रहा है। 2008 में राज्य को टाटा मोटर्स ने छोड़ा था, वह सिंगूर में नैनो की फैक्ट्री लगा रहा था लेकिन ममता बनर्जी के लगातार विरोध के चलते उसे बनी-बनाई फैक्ट्री उखाड़नी पड़ी और गुजरात भागना पड़ा। ममता बनर्जी इसी सिंगूर के आंदोलन के बाद ही राज्य में बड़ी जीत हासिल कर पाईं और सत्ता में तीन दशक से अधिक से जमे बैठे कम्युनिस्टों की जगह ली। हालाँकि, जिस नेता के सत्ता में आने का कारण ही किसी उद्योग का विरोध रहा हो, उससे उद्योग समर्थक नीति की उम्मीद कैसे की जा सकती है।

## वर्ग पहेली 5810



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 7 सितंबर 1923 को यहां इंटरपोल की स्थापना हुई (3)
3. यह देश पहले फारमूसा कहलाता था जिसकी राजधानी ताइपे है (4)
6. उत्तराखंड या उत्तरप्रदेश में बहने वाली एक नदी जिसे महाकाली नदी या कालीगंगा के नाम से भी जाना जाता है (3)
7. हाथ, हस्त, महसूल (2)
8. कीड़ों द्वारा निर्मित एकमात्र पदार्थ जो इंसानों द्वारा खाया जाता है (3)
10. एक बार सांस लेने का समय, बल, शक्ति (2)
12. यह संसार की सबसे लंबी नदी है (लंबाई 6650 कि.मी. चौड़ाई 16 कि.मी.)(2)
14. पुनरागत, लौटा हुआ (3)
16. कूटयुक्तिकर्ता, जुगतबाज (4)
17. खुदकाश्त कृषि, परजोत (2)
18. मटमैले रंग का प्रसिद्ध धातु (2)
20. पत्नी, लक्ष्मी, सरस्वती, स्त्री (2)
21. भगवान विष्णु का पांचवा अवतार (3)
24. भार माप, महत्व (3)
26. भिक्षा झोली, आंचल (2)
27. मुर्गे आदि पक्षी के सिर पर परों का गुच्छा (3)

**संकेत: ऊपर से नीचे**

1. विदेश के लिए बनाई आचार व्यवहार संबंधी नीति (5)
2. जो खुश न हो, अप्रसन्न, खिन्न (3)
3. कुल संख्या, गणना, गिनती, हिसाब (3)
4. वाक्य का अपभ्रंश वाणी (3)
5. एक प्रकार का फूल (4)
9. कंठ, गले की नली (3)
11. गढपति, किलेदार (3)
13. शिष्टता, विवेक, तहजीब, सभ्यता (3)
15. आज्ञा, अनुमति इजाजत,अध्यादेश (5)
19. स्तुति करने वाले को यह भी कहते है (3)
21. वचन, इकरार, प्रतिज्ञा (2)
22. मेरा या मेरी (संस्कृत)(2)
23. महिला ईसाई पादरी (2)
25. पंच तत्वों में एक, आब, नीर (2)

### वर्ग पहेली 5809 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पे | इ | विं | ग | | सु | ल | ह |
| रा | त | | या | मि | नी | | स |
| ई | रा | न | | ल | ल | का | र |
| | ना | ज | नी | न | | म | त |
| मे | | फ | र | सा | | ना | ज |
| घ | न | | द | र | मा | | व |
| दू | भ | र | | | | रि | पु |
| त | | वि | श्व | | सं | त | री |

# आखिरकार चीन से आगे निकल ही गया भारत, पहली बार स्मार्टफोन भेजने की रेस में अव्वल, थैंक्यू बोलिए ऐपल को !

(मोना दीक्षित)

भारत ने चीन को पीछे कर दिया है। जी हां, पहली बार ऐसा हुआ है कि चीन को पछाड़कर भारत अमेरिका को सबसे ज्यादा स्मार्टफोन सप्?लाई करने वाला देश बन गया है। इसके पीछे का कारण एप्पल को बताया जा रहा है। रिसर्च फर्म कैनालिस की लेटेस्ट रिपोर्ट में पता चला है कि 2025 की दूसरी तिमाही में अमेरिका में भारत में बने हुए स्मार्टफोन की शिपमेंट में बड़ी वृद्धि हुई है। यह बढ़ोतरी 200 प्रतिशत से भी अधिक की है। इस अवधि के दौरान अमेरिका में भेजे गए स्मार्टफोन्स में 44 प्रतिशत स्मार्टफोन्स भारत से गए थे। एक साल पहले यह आंकड़ा केवल 13 प्रतिशत था। एक साल के अंदर आए इस जंप का कारण जानते हैं।

## चीन को भारत ने दी मात

मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 की दूसरी तिमाही में भारत से अमेरिका में शिप हुए स्मार्टफोन्स की संख्या में 240 प्रतिशत का उछाल आया है। इसके साथ ही अमेरिका में शिप हुए स्मार्टफोन्स का 44 प्रतिशत हिस्सा भारत से भेजे गए फोन्स का है। जहां एक तरफ भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं, चीन की हिस्सेदारी तेजी से गिर रही है, जो अब 25 प्रतिशत रह गई है। यह 2024 की दूसरी तिमाही में 61 प्रतिशत थी। अमेरिका में स्मार्टफोन की शिपमेंट में भारत की वृद्धि के कई कारण हैं। यह बदलाव बदलती सप्?लाई चेन, व्यापार तनाव और अमेरिकी मांग को पूरा करने के लिए एप्पल की भारतीय कारखानों पर बढ़ती निर्भरता को बताया जा रहा है।

## ऐपल बना बढ़ोतरी की वजह

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि पिछले काफी समय से ऐपल भारत को अपना, मैन्युफैक्चरिंग का बेस बनाने में लगा हुआ है। इससे भारत को काफी फायदा हुआ, जो परि?णाम अब देखने को मिल रहा है। चीन और अमेरिका के बीच लगातार चल रहे ट्रैरिफ और ट्रेड पॉलिसी विवाद को देखते हुए स्मार्टफोन्स बनाने वाली कंपनियों को भी अपनी मैन्युफैक्चरिंग स्ट्रेटजी में बदलाव करना पड़ा है।

सिर्फ ऐपल ही नहीं बल्कि सैमसंग और मोटोरोला जैसी कंपनियों ने भी भारत में बने फोन्स को अमेरिका में भेजना शुरू कर दिया है। इससे आगे आने वाले वर्षों में भारत को और भी फायदा हो सकता है। हालांकि वो ऐपल की तुलना में काफी कम होगा। सैमसंग अभी भी अपने ज्यादातर प्रोडक्शन के लिए वियतनाम पर निर्भर है। मोटोरोला की सप्लाई चेन भी काफी हद तक चीन पर ही निर्भर है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन अच्छा रहने वाला है। अगर आपका कोई काम लंबे समय से बीच में अटका हुआ है, तो वह शाम के समय पूरा हो सकता है, जिससे मानसिक तनाव कम होगा। जीवनसाथी का भी आपको पूरा सहयोग प्राप्ति होगा। आर्थिक मामले में दिन सामान्य रहने वाला है। लेकिन संतान की ओर से कोई ऐसा समाचार मिल सकता है, जिससे मन थोड़ा परेशान रहेगा।

### वृष

आज संयम के साथ काम करने से आपको सफलता मिलेगी। जो लोग राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए हैं उन्हें अपने प्रयासों का अब शुभ परिणाम प्राप्त हो सकता है। शासन और सत्ता अच्छी दोस्ती या बातचीत होने से आपको लाभ मिल सकता है। कार्यस्थल नए प्रोजेक्ट हाथ लग सकते हैं, जिससे प्रतिष्ठा और पद में वृद्धि होगी। हालांकि, रात में कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात हो सकती है, जिससे आपको कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

### मिथुन

आज आपको सावधान रहने की जरूरत होगी, अन्यथा कोई मूल्यवान वस्तु खोने या चोरी होने का डर बना रहेगा। अगर कार्यक्षेत्र में आपके जरूरी काम रुके हुए थे तो अब वे पूरे होने लगेंगे। आपको अपने प्रोजेक्ट से जुड़ा को शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। रात में किसी मांगलिक कार्य में जाने

### कर्क

आज दिन शुभ रहने वाला है। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में सफलता के नए मार्ग खुलने लगेंगे। साथ ही, समाज में भी आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए सुखद और लाभदायक हो सकती है।

### सिंह

आज सांसारिक सुख प्राप्त होगा। समाज में भी आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी और भाग्य चमकने के योग भी बन रहे हैं। व्यापार के मामले में नए कार्यों और खोज में आपकी रुचि बढ़ सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, जिससे जीवन में उत्साह बढ़ेगा। वहीं, घर में भी उत्सव जैसा माहौल बना रहेगा।

### कन्या

आज कार्यस्थल पर आपके ऊपर काम का प्रेशर कुछ ज्यादा रह सकता है, जिससे तनाव बढ़ेगा। अपने जूनियर्स से काम करवाने के लिए आपको मधुर वाणी का प्रयोग करना होगा। घर में चल रही समस्याओं को आपको संयम के साथ दूर करना होगा। इससे धीरे-धीरे आपके समाधान मिलने लगेंगे।

### तुला

आज व्यापार के मामले में आपको जल्दबाजी में फैसले लेने से बचना होगा, अन्यथा नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अपने निजी जीवन की समस्याओं को व्यावसायिक मामलों में लाने से बचना होगा वरना नुकसान हो सकता है। किसी प्रियजन या जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

### वृश्चिक

आज किसी व्यक्ति के साथ निकटता और दोस्ती हो सकती है। उनके अनुभव से आपको लाभ भी प्राप्त हो सकता है। इससे साथियों के बीच भी आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। इसके अलावा, विद्यार्थियों को सलाह है कि वे अपना ज्यादा समय पढ़ाई-लिखाई पर लगाएं। शाम के समय घर में पूजा व किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हो सकता है।

### धनु

आज विरोधी परास्त हो सकते हैं। राजनीतिक सहयोग प्राप्त होने की संभावना है, लेकिन आपको कार्यक्षेत्र में अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। व्यापार के मामले में आपको पैसों की लेन-देन के समय सावधानी बरतनी होगी, अन्यथा नुकसान हो सकता है। शाम के समय नए संपर्क बन सकते हैं लेकिन किसी भी यात्रा के दौरान आपको सावधान रहना होगा।

### मकर

आज आपको कोई उपहार या समाज में सम्मान प्राप्त हो सकता है। व्यापार के मामले में किसी पुरानी महिला मित्र के द्वारा आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। जिससे मन प्रसन्न रहेगा और तनाव कम होगा। नौकरी करने वालों को भी सफलता प्राप्त होगी। शाम के समय आपको अचानक किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जो लाभदायक साबित होगी।

### कुंभ

आज कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है और धन लाभ के भी अच्छे योग बन रहे हैं। इससे आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। कार्यक्षेत्र में अपने व्यवहार और मधुर वाणी के चलते आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, दूसरों की मदद करने में भी आप सफल रहेंगे। कामकाज के सिलसिले में किसी यात्रा की योजना प्रबल होकर स्थगित हो सकती है।

### मीन

आज आप ज्यादा व्यस्त रहेंगे और भागदौड़ भी देखने को मिल सकती है। कार्यस्थल पर उच्च अधिकारियों से आपको सराहना मिलेगी और पिता भी आपकी तारीफ करेंगे। घर में किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन के चलते व्यस्त रह सकते हैं। लेकिन आपको जीवनसाथी का पूरा सहयोग और प्रेम मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### एलयू प्रोफेसर ने की विवादित टिप्पणी- केंद्र सरकार और धीरेन्द्र शास्त्री पर साधा निशाना

**लखनऊ , एजेंसी।** लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन ने एक बार फिर विवादित पोस्ट किया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर दो पोस्ट करके केंद्र सरकार और धीरेन्द्र शास्त्री पर निशाना साधा है। डॉ. रविकांत चंदन ने पोस्ट में जहां अमेरिका के भारत के ऊपर टैरिफ लगाने के ऐलान को लेकर सरकार को घेरा है। वहीं पोस्ट में मशहूर कथावाचक और बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री पर भी आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि धीरेंद्र शास्त्री महिलाओं की तस्करी करते हैं। डॉ. रविकांत ने गुरुवार को दोपहर 2:23 बजे एक्स पर किए गए पोस्ट में लिखा है कि धीरेंद्र शास्त्री धर्म की आड़ में महिला तस्करी कर रहा है! इसकी गहन जांच करवाकर दोषी पाए जाने पर धीरेंद्र को फांसी होनी चाहिए। वहीं दूसरी पोस्ट में लिखा है कि पहले भारतीयों के हाथ में हथकड़ी, फिर सीजफायर की धमकी, अब 25 फीसदी टैरिफ और जुर्माना। मोदी जी की ट्रंप से दोस्ती की और कितनी कीमत देश चुकाएगा...। इस संबंध में डॉ. रविकांत का कहना है कि मैंने पोस्ट किया है और जो मैंने कहा है उस पर कायम हूं। हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत चंदन ने दो महीने पूर्व सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा था कि मुस्कान और सोनम रघुवंशी जैसी महिलाएं संघी विचार की उपज हैं। इसको लेकर हसनगंज थाने में प्रोफेसर के खिलाफ शिकायत भी की गई थी। बता दें कि प्रोफेसर रविकांत चंदन पहले भी विवादों में रहे हैं। 2022 में वाराणसी के काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी प्रकरण में उन्होंने विवादित टिप्पणी की थी। 18 मई, 2022 को उनसे छात्रों ने मारपीट भी की थी। जिसके बाद एक छात्र को यूनिवर्सिटी से निष्कासित कर दिया गया था।

### विपक्ष का वॉकआउट सरकार को ही मदद करता है, संसद में हंगामे पर बोले गुलाम नबी आजाद

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व संसदीय कार्य मंत्री गुलाम नबी आजाद ने संसद से विपक्ष के वॉकओवर पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि संसद में विपक्ष की अनुपस्थिति से सरकार को ही मदद मिलती है। इसलिए विपक्ष को सदन किसी भी हालत में नहीं छोड़ना चाहिए। आजाद की यह टिप्पणी राज्यसभा में विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच आई है, जो कि पीएम द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर जवाब न देने और बिहार विधानसभा को लेकर एसआईआर का मुद्दा संसद में नहीं उठाने देने का विरोध कर रहे थे। संसद में विपक्ष के हंगामे पर अपनी बात रखते हुए आजाद ने कहा, मैं सदन की कार्यवाही बाधित करने के खिलाफ हूं। अगर आप सदन को चलने नहीं देते, तो फिर आप चुनकर क्यों आते हैं? सदन में प्रवेश करने का मतलब है कि आप संसद में राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू मुद्दों और लोगों की समस्याओं को सरकार के सामने उठाएंगे।'' पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा,जब विपक्ष संसद से बाहर जाता है, तो सरकार इससे खुश ही होती है क्योंकि तब वह आसानी से कानून को पारित कर सकती है। इसलिए विपक्ष का सदन से बाहर जाना सरकार का फायदा ही कराता है, क्योंकि तब वह उनका विरोध नहीं कर सकते। मनमोहन सिंह सरकार में मई 2004 से नवंबर 2005 तक संसदीय कार्य मंत्री रहे आजाद ने कहा कि वह हमेशा संसद के सुचारु संचालन के पक्षधर रहे हैं। संसद में अपने पहले कार्यकाल को याद करते हुए आजाद ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें संसद में विपक्षी नेताओं के भाषण में बाधा न डालने की सलाह दी थी। उन्होंने बताया, ''इंदिरा ने मुझे फोन किया और कहा कि आप संसद में बोलने आए हैं, हंगामा करने नहीं। उन्होंने मुझसे कहा कि विपक्षी नेताओं के भाषण में बाधा डालकर कोई नेता नहीं बन सकता। हाल ही में सुरक्षा बलों द्वारा पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार तीन आतंकवादियों को मार गिराए जाने के संबंध में 'ऑपरेशन महादेव' पर आजाद ने कहा कि वह सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए हर ऑपरेशन का समर्थन करते हैं, लेकिन मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

### राजस्थान :बीकानेर में खेलते हुए बच्चे की गर्दन में फंसी स्कूल टाई दम घुटने से मौत

**बीकानेर, एजेंसी।** राजस्थान के बीकानेर जिले की डूंगरगढ़ तहसील के गुसाईसर बड़ा गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। 10 साल का मासूम कानाराम स्कूल से लौटने के बाद अपनी बहन के साथ घर के कमरे में खेल रहा था। इसी दौरान उसकी स्कूल यूनिफॉर्म की टाई पलंग के पीछे लगी खूंटी में फंस गई। टाई धीरे-धीरे गर्दन में कसती गई और मासूम छटपटाता रह गया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, तब तक उसका दम घुट चुका था। बच्चा फर्श पर बेहोश पड़ा मिला। परिजन उसे तत्काल डूंगरगढ़ के उप जिला अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के समय उसकी मां रसोई में खाना बना रही थी। उन्होंने बच्चों को खाने के लिए आवाज दी, लेकिन जब कोई जवाब नहीं आया तो वह कमरे की ओर गईं। दरवाजा खोलते ही उन्हें बेटे की हालत देखकर झटका लगा। मां की चीख सुनकर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में बच्चे को अस्पताल लेकर दौड़े। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने साफ कहा कि बच्चे की मौत पहले ही हो चुकी थी। बच्चे के पिता और दादा उसे गोद में लेकर अस्पताल भागे थे।

# यूज एंड थ्रो का मलाल, उपेक्षा या चुनावी दांव? ओपीएस ने क्यों छोड़ा भाजपा का साथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले राज्य की राजनीति गरमाई हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पनीरसेल्वम के नेतृत्व वाली 'एआईएडीएमके कैडर राइट्स रिट्रीवल कमेटी' ने गुरुवार को भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) से नाता तोड़ लिया। बड़ी बात यह है कि भाजपा का साथ छोड़ने से पहले ओपीएस ने गुरुवार की ही सुबह राज्य के मुख्यमंत्री और डीएमके चीफ एमके स्टालिन संग मॉर्निंग वॉक में गुफ्तगू की थी। बाद में वह औपचारिक तौर पर मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे थे। ओपीएस के एनडीए छोड़ने से गठबंधन में चल रहा तनावपूर्ण और अस्पष्ट संबंध अब समाप्त हो गए हैं। दरअसल, तमिलनाडु के सियासी हलकों में यह लंबे समय से चर्चा चल रही थी कि ओ पनीरसेल्वम एनडीए गठबंधन में अपमानित और उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। ओपीएस के करीबियों के मुताबिक, एनडीए से अलग होने की चर्चा कई हफ्तों से हो रही थी। ओपीएस की पार्टी के करीबियों के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री पूरी तरह से निराश हो चुके थे क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री मोदी हालिया दौरे पर उनसे मिलेंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका।

**संघ और भाजपा की यूज एंड थ्रो से निराश ओपीएस :** एक रिपोर्ट में ओपीएस के एक पूर्व करीबी के हवाले से कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री संघ परिवार और भाजपा द्वारा इस्तेमाल किए जाने और फिर यूं ही छोड़ दिए जाने से निराश थे। उनके मुताबिक, एआईएडीएमके नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ई पलानस्वामी के खिलाफ ओपीएस का विद्रोह भाजपा और संघ के नेताओं के इशारे पर ही था। बावजूद इसके भाजपा ने उन्हीं ईपीएस को अपने साथ कर लिया और ओपीएस को नजरअंदाज कर दिया।



**पीएम से मिलने तक नहीं दिया गया :** बता दें कि ओपीएस ने चेन्नई हवाई अड्डे पर पीएम मोदी का स्वागत करने वाले नेताओं के समूह में शामिल होने का अनुरोध किया था लेकिन उसे भी ठुकरा दिया गया था। हालांकि, एनडीए में दूसरे घटक दल तमिल मनीला कांग्रेस के जीके वासन जैसे नेताओं को पीएम से मिलने के लिए आमंत्रित किया गया था। ओपीएस ने तमिलनाडु के गंगईकोंडा चोलपुरम की अपनी हालिया यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनसे मिलना उनके लिए अद्वितीय सम्मान होगा और उन्होंने औपचारिक रूप से मिलने का समय भी मांगा था लेकिन ओपीएस को पीएम से मिलने का समय नहीं मिल सका। पीएम का नहीं मिलना ओपीएस के लिए गठबंधन से निकलने का सही मौका दे गया। माना जा रहा है कि इस कथित उपेक्षा के बाद ही उन्होंने सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के फंड वितरण में देरी को लेकर सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार की सार्वजनिक रूप से आलोचना की थी। इस घटनाक्रम को अब एक निर्णायक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है जिसने ओपीएस को भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन से बाहर कर दिया है। राज्य के पूर्व मंत्री और ओपीएस के लंबे समय से विश्वासपात्र रहे पनरुति एस रामचंद्रन ने इस फैसले की घोषणा की।

**एनडीए से अलग होने का फैसला सर्वसम्मति से :** रामचंद्रन ने समिति प्रमुख पनीरसेल्वम और अन्य नेताओं की मौजूदगी में संवाददाताओं से कहा, ''अब से समिति राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा नहीं रहेगी।'' उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि एनडीए से अलग होने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है। रामचंद्रन ने कहा कि समिति की ओर से इसके प्रमुख पनीरसेल्वम जल्द ही राज्य के विभिन्न हिस्सों का दौरा शुरू करेंगे और भविष्य में गठबंधन से संबंधित फैसले राजनीतिक परिस्थितियों के अनुसार किए जाएंगे। एनडीए से अलग होने का कारण पूछे जाने पर रामचंद्रन ने कहा कि इसका कारण सबको ज्ञात है और उसे बताने की आवश्यकता नहीं है।

**अब आगे क्या? :** अब आगे क्या? इस मुद्दे पर ओपीएस के करीबी ने साफ किया कि अभिनेता विजय की तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि अब वास्तविकता में दो ही विकल्प हैं- एक डीएमके और दूसरा टीवीके। लेकिन टीवीके इनमें सबसे आगे है। चर्चा इस बात की भी हो रही है कि ओपीएस एआईएडीएमके के दूसरे बागी टीटीवी दिनाकरण को अपने साथ ला सकते हैं।

## ईवीएम और वीवीपीएटी मशीनें एक और जांच में पास; चुनाव आयोग ने कहा- नहीं हो सकती है छेड़छाड़



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जिन ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की बर्न्ट मेमोरी या माइक्रो-कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी, वे सभी मशीनें डायग्नोस्टिक टेस्ट में सफल पाई गई हैं और कहीं भी ईवीएम वोट और वीवीपैट पर्चियों में कोई अंतर नहीं मिला। यह जानकारी भारत निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को साझा की और कहा कि यह परीक्षण एक बार फिर साबित करता है कि ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित और छेड़छाड़ से मुक्त हैं। महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को 8 उम्मीदवारों से आवेदन मिले थे, जिनमें इन 10 विधानसभा क्षेत्रों का उल्लेख था। वे विधानसभा क्षेत्र कोपरी-पाचपाखडी, ठाणे, पनवेल, अलीबाग, खडकवासला, अर्णी, येवला, चंदगड, कोल्हापुर उत्तर और माजलगांव शामिल है। इनमें से कुछ में हारने वाले प्रत्याशियों ने ईवीएम की बर्न्ट मेमोरी यानी कि माइक्रोचिप की जांच की मांग की थी। कुल 48 बैलट यूनिट, 31 कंट्रोल यूनिट और 31 वीवीपैट यूनिट्स पर चेकिंग एंड वेरिफिकेशन प्रक्रिया की गई। 8 में से 6 उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि उपस्थित थे। 2 ने भाग नहीं लिया। जांच प्रक्रिया में निर्माता कंपनी ईसीआईएल के इंजीनियरों ने सभी मशीनों पर डायग्नोस्टिक टेस्ट किए और उन्हें सर्टिफाइड किया। पनवेल, अलीबाग, अर्णी, येवला, चंदगड, कोल्हापुर उत्तर और माजलगांव में डायग्नोस्टिक टेस्ट के साथ मॉक पोल भी किया गया। ईवीएम रिजल्ट को वीवीपैट की पर्चियों से मिलाया गया और कहीं भी कोई गड़बड़ी या अंतर नहीं पाया गया। चुनाव आयोग के प्रवक्ता ने कहा, हर मशीन ने टेस्ट पास किया।

## छत्तीसगढ़ के स्कूल में शर्मनाक घटना- राधे-राधे कहने पर नर्सरी की बच्ची को पीटा, मुंह पर टेप लगा दी

**दुर्ग, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां पर अभिवादन के लिए राधे-राधे कहने पर एक स्कूल प्राचार्य ने नर्सरी कक्षा में पढ़ने वाली साढ़े तीन साल की छात्रा को ना सिर्फ पीटा, बल्कि उसके मुंह पर भी टेप चिपका दिया। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला प्राचार्य ईला ईवन कोल्विन को गिरफ्तार कर लिया। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि यह घटना नंदिनी नगर थानाक्षेत्र के बागडुमर इलाके में स्थित 'मदर टेरेसा इंग्लिश मीडियम स्कूल' में बुधवार सुबह हुई। जिसके बाद बच्ची के पिता प्रवीण यादव ने पुलिस ने मामला दर्ज कराया। शिकायत पर पुलिस ने स्कूल की प्राचार्य को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि बच्ची के पिता ने पुलिस के पास दर्ज कराई शिकायत में आरोप लगाया कि बुधवार को जब उनकी बच्ची स्कूल से वापस आई तो उसने बताया कि प्राचार्य ईला ईवन कोल्विन ने राधे-राधे कहने पर उसकी पिटाई की और उसके मुंह पर टेप भी लगा दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर स्कूल की प्राचार्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# हिमाचल में शुरू होगी लॉटरी, आपदा प्रभावितों को किराया और आशा वर्करों की भर्ती का भी ऐलान

**शिमला, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को कई बड़े फैसले लिए गए। सबसे बड़ा निर्णय प्रदेश में करीब दो दशक बाद फिर से लॉटरी शुरू करने का है। इसके अलावा राज्यपाल के लिए 92 लाख रुपये की नई मर्सिडीज कार खरीदी जाएगी, हिमाचल विधानसभा का मॉनसून सत्र 18 अगस्त से 2 सितंबर तक बुलाया जाएगा, आपदा प्रभावितों को छह माह तक किराया सहायता दी जाएगी और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए 290 आशा वर्कर के पदों को भरा जाएगा।

**फिर खुलेगी लॉटरी :** कैबिनेट की बैठक में वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए बंद पड़ी लॉटरी को फिर से शुरू करने का फैसला हुआ है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि इससे प्रदेश को हर साल 50 से 100 करोड़ रुपये की आय हो सकती है। लॉटरी का संचालन टेंडर प्रक्रिया से होगा और पंजाब, केरल जैसे राज्यों की तर्ज पर इसे लागू किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे सरकारी खजाने को नई ताक़त मिलेगी।

**राज्यपाल के लिए नई मर्सिडीज :** कैबिनेट ने हिमाचल के राज्यपाल के लिए 92 लाख रुपये की मर्सिडीज कार खरीदने की भी मंजूरी दी है। उद्योग मंत्री ने बताया कि वर्तमान वाहन पांच साल पुराना हो चुका है और उसे बदलने की ज़रूरत थी, इसलिए नई गाड़ी खरीदी जाएगी।



**18 अगस्त से होगा विधानसभा का मॉनसून सत्र :** कैबिनेट ने राज्यपाल से सिफारिश की है कि हिमाचल विधानसभा का मॉनसून सत्र 18 अगस्त से 2 सितंबर तक बुलाया जाए। इस दौरान कुल 12 बैठकें होंगी जिनमें प्रदेश के कई अहम मुद्दों पर चर्चा और निर्णय की उम्मीद है।

**आपदा प्रभावितों को मिलेगा किराया :** हाल ही में मानसून में हुई भारी बारिश और भूस्खलन के चलते बेघर हुए लोगों को सरकार ने छह माह तक किराया सहायता देने का फ़ैसला किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावित परिवारों को प्रति माह 5000 रुपये और शहरी क्षेत्रों में 10,000 रुपये किराया मिलेगा। यह राशि सीधे प्रभावित परिवारों के खाते में डीबीटी के ज़रिए दी जाएगी।

**290 नई आशा वर्कर नियुक्त होंगी :** प्रदेश के दुर्गम और जनजातीय इलाक़ों में स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूती देने के लिए 290 अतिरिक्त आशा वर्कर के पदों को भरने की मंजूरी दी गई है। इससे खासकर महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध हो सकेंगी।

**'हिम बस कार्ड' से ही मिलेगा फ्री सफर :** एचआरटीसी की बसों में फ्री या रियायती यात्रा करने वाले लाभार्थियों को अब 200 रुपये का 'हिम बस कार्ड' बनवाना अनिवार्य होगा। इस कार्ड को दिखाने पर ही रियायत या निशुल्क यात्रा का लाभ मिलेगा।

**ओबीसी आरक्षण और अनाथ बच्चों के लिए सीट आरक्षित :** मंत्रिमंडल ने आगामी शहरी निकाय चुनावों में ओबीसी के लिए आरक्षण लागू करने का फैसला किया है। इसके लिए पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी भी दे दी गई। साथ ही अनाथ बच्चों के लिए आईटीआई, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग और फार्मेसी कॉलेजों में प्रति कोर्स एक सीट आरक्षित की जाएगी।

## पाकिस्तान में तेल खोजने को लेकर अमेरिका को कुछ भ्रम हो सकता है, मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं: थरूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को अमेरिका द्वारा दक्षिण एशियाई देश में विशाल तेल भंडार विकसित करने के लिए पाकिस्तान के साथ मिलकर काम करने के समझौते की घोषणा के बाद उस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में तेल खोजने को लेकर वाशिंगटन को कुछ भ्रम हो सकता है और मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है और कहा है कि अमेरिका, पाकिस्तान के साथ मिलकर दक्षिण एशियाई देश के विशाल तेल भंडार को विकसित करने के लिए काम करेगा। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि ट्रंप पाकिस्तान में किस विशाल तेल भंडार की बात कर रहे थे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी सवाल उठाया कि क्या पाकिस्तान किसी दिन भारत को तेल बेच सकता है। ट्रंप ने बुधवार को ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है,



जिसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका अपने विशाल तेल भंडारों के विकास पर मिलकर काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा, हम उस तेल कंपनी को चुनने की प्रक्रिया में हैं जो इस साझेदारी का नेतृत्व करेगी। कौन जाने, शायद वे किसी दिन भारत को तेल बेचें! ट्रंप की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर थरूर ने कहा, उन्हें पाकिस्तान में तेल मिलने को लेकर कुछ भ्रम हो सकता है, मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, हम सब एक समय में एक देश थे। मैंने ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं देखी है कि आज के पाकिस्तान में बहुत सारा तेल मिलने की संभावना है। उन्होंने आगे कहा, लेकिन अगर अमेरिकी देखना चाहते हैं, तो उन्हें देखने दीजिए। हमें बॉम्बे हाई में कुछ तेल मिला, असम में भी कुछ तेल मिला, लेकिन हम अपनी तेल और गैस की जरूरतों का 86 प्रतिशत आयात करते हैं। इसलिए मुझे नहीं पता कि उन्हें कितना मिलेगा।

जहां तक मेरा सवाल है, उन्हें दूसरे देशों के साथ जो करना है करने दीजिए, मेरे लिए मायने यह रखता है कि वे हमारे देश के साथ क्या करते हैं। पाकिस्तान लंबे समय से अपने तट पर बड़े तेल भंडार होने का दावा करता रहा है, लेकिन इनका दोहन करने में कोई प्रगति नहीं हुई है। वह इन भंडारों का दोहन करने के लिए निवेश को आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। देश वर्तमान में अपनी ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने के लिए मध्य पूर्व से तेल आयात करता है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इस ऐतिहासिक व्यापार समझौते के लिए ट्रंप का शुक्रिया अदा किया और उम्मीद जताई कि इससे दोनों पक्षों के बीच सहयोग बढ़ेगा।

## 101 साल के स्वतंत्रता सेनानी को हाईकोर्ट ने दिया पेंशन देने का आदेश,क्यों नहीं मान रही थी सरकार?

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा हाईकोर्ट ने मंगलवार को राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए एक 101 वर्षीय शख्स को सैनिक सम्मान पेंशन देने का आदेश दिया है। उच्चतम न्यायालय ने सुनवाई के दौरान कहा है कि सरकार का यह दावा कि उसने अपनी उम्र 10 साल बढ़ाने के लिए मतदाता सूची में हेराफेरी की थी, महज एक पूर्वधारणा है। कोर्ट ने यह भी कहा है कि देश को गुलामी से निकालकर स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले सेनानियों का सम्मान किया जाना चाहिए। जस्टिस शशिकांत मिश्रा ने कहा कि सरकार ने तर्क दिया था कि ब्रह्मानंद जेना नाम के शख्स ने इस योजना के तहत पेंशन का लाभ उठाने के लिए मतदाता सूची में अपनी उम्र 10 साल बढ़ा ली थी। हालांकि कोर्ट ने कहा कि तर्क को सही साबित करने के लिए सरकार कोर्ट के सामने कागज का एक टुकड़ा भी पेश नहीं कर पाई। गौरतलब है कि नयागढ़ जिले के जेना ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल का हवाला देते हुए फरवरी 1981 में पेंशन के लिए आवेदन किया था। गृह मंत्रालय ने मई 1984 में उनका मामला ओडिशा सरकार को भेज दिया। इसके बाद उन्होंने जुलाई 1989 में सीधे राज्य के वित्त विभाग में पेंशन के लिए आवेदन किया लेकिन जेना का आवेदन स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंने मार्च 2019 में फिर से आवेदन जमा किया, लेकिन



अधिकारियों ने उनके उम्र के दावों को लेकर उनकी मांग खारिज कर दी। राज्य सरकार ने दावा किया था कि जेना ने 2002 की मतदाता सूची में अपनी उम्र में हेराफेरी की थी और पात्रता की शर्तों को पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी उम्र दस साल बढ़ा ली। हालांकि कोर्ट ने इन दावों को खारिज कर दिया।

जस्टिस मिश्रा ने सुनवाई के दौरान कहा, बिना किसी जांच के निष्कर्ष निकालना महज पूर्वधारणा है। इसके अलावा भी किसी वृद्ध शख्स पर इस तरह के आचरण का आरोप लगाना सही नहीं है। न्यायालय ने कई बार दोहराया है कि आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा दिए गए बलिदानों का सम्मान करना देश का कर्तव्य है और यह सुनिश्चित करने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए कि इस तरह की मांगों को तुच्छ आधारों पर खारिज न किया जाए।

# दोनों नन बेकसूर, मारपीट कर झूठा बयान दिलवाया; छग के धर्मांतरण मामले में पीड़िता का सनसनीखेज दावा

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण के जिस मामले में केरल की दो ननों को गिरफ्तार किया गया है, उसकी पीड़िता ने अपने बयान से पलटते हुए सनसनीखेज दावा किया है। उसका कहना है कि वह अपनी मर्जी से नौकरी करने के लिए ननों के साथ जा रही थी, इसी दौरान रेलवे स्टेशन पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उनके साथ मारपीट करते हुए उन्हें झूठा बयान देने पर मजबूर किया था। आरोप लगाने वाली युवती का नाम कमलेश्वरी प्रधान है, जिसका दावा है कि पुलिस ने भी उसका बयान ठीक से दर्ज नहीं किया। वहीं जबरन धर्मांतरण के आरोपों पर उसने कहा कि वह खुद को ईसाई मानती है और उसका परिवार बीते चार-पांच सालों से इसी धर्म का पालन कर रहा है।

नारायणपुर जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर कुकुराझोर गांव में रहने वाली 21 वर्षीय युवती का कहना है कि हम अपनी मर्जी से मिशन अस्पताल में काम करने के लिए भोपाल जा रही थीं। इसी बीच दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आए बजरंग दल के लोग हमें पकड़कर ले गए और तीनों के खिलाफ झूठा मामला बनवा दिया। उन्होंने मेरे साथ मारपीट करते हुए मुझे डराया भी। युवती के माता-पिता जो कि किसान हैं, उन्होंने भी दावा किया कि मामले में गिरफ्तार की गई दो नन और एक अन्य व्यक्ति निर्दोष हैं और



उन्हें जेल से रिहा किया जाना चाहिए। हालांकि, बजरंग दल की दुर्ग इकाई के संयोजक रवि निगम ने संगठन पर लगे सभी आरोपों से इनकार किया है। पीटीआई से बात करते हुए रवि निगम ने कहा, हमने ना तो किसी को धमकाया है और ना ही किसी के साथ मारपीट की है। रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं, जिनकी जांच करने पर सच्चाई बाहर आ जाएगी। केरल की नन प्रीति मैरी और वंदना फ्रांसिस को सुखमन मंडावी के साथ 25 जुलाई को राज्य के दुर्ग रेलवे स्टेशन पर राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने गिरफ्तार किया था। यह कार्रवाई बजरंग दल के एक स्थानीय पदाधिकारी की शिकायत पर की गई थी, जिसमें ननों पर आदिवासी बहुल नारायणपुर जिले की तीन महिलाओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराने और उनकी तस्करी करने का आरोप लगाया गया था। नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में स्थित अपने गांव कुकराझोर में पीटीआई से बात करते हुए कमलेश्वरी ने दावा किया कि हम तीनों लड़कियों की तस्करी नहीं की जा रही थीं, बल्कि हम तो अपनी इच्छा और अपने माता-पिता की सहमति से उनके साथ जा रही थीं। युवती ने बताया, मैं अपने माता-पिता की सहमति से ननों के साथ आगरा जा रही थी। वहां से हम भोपाल जाने वाले थे जहां हमें एक ईसाई अस्पताल में काम दिया जाना था।

# टेस्ट टीम में वापसी को आतुर श्रेयस अय्यर! दलीप ट्रॉफी में खेलने को तैयार

## सरफराज खान और शिवम दुबे ने भी जाहिर की इच्छा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने पश्चिम क्षेत्र की ओर से दलीप ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। दलीप ट्रॉफी 28 अगस्त से शुरू होगी और क्षेत्रीय चयन शुक्रवार एक अगस्त 2025 की दोपहर को मुंबई में होगा। श्रेयस अय्यर के अलावा मुंबई के मध्यक्रम के बल्लेबाज सरफराज खान और ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी खेलने के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। दोनों ने इस बारे में मुंबई क्रिकेट संघ को सूचित कर दिया है।

**फरवरी 2024 से भारत के लिए नहीं खेला टेस्ट क्रिकेट:** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के एक सूत्र ने द इंडियन एक्सप्रेस को इसकी पुष्टि करते हुए बताया, 'श्रेयस अय्यर ने हमें सूचित किया है कि वह दलीप ट्रॉफी में खेलने के लिए उपलब्ध है। सरफराज, शिवम दुबे और तुषार देशपांडे जैसे अन्य खिलाड़ियों ने अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।' श्रेयस अय्यर ने भारत के लिए 14 टेस्ट खेले हैं। उसमें उन्होंने 5 अर्धशतक और एक शतक बनाया है।



श्रेयस अय्यर ने हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ फरवरी 2024 के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेड बॉल क्रिकेट (खेल का सबसे लंबा फॉर्मेट) नहीं खेला है। वह हालांकि उस भारतीय टीम का अहम हिस्सा थे, जिसने इस साल के शुरू में दुबई में 50 ओवर्स की चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। हाल ही में, श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का फाइनल खेला था। जहां उसे अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार झेलनी पड़ी थी। श्रेयस अय्यर को इंग्लैंड के भारतीय टेस्ट दौरे के लिए नहीं चुना गया है। चयनकर्ताओं ने उन पर करुण नायर को तरजीह दी। करुण नायर ने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की थी। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि चयन समिति उन खिलाड़ियों को चुनेगी जो भारतीय टेस्ट मैच टीम का हिस्सा हैं, जो वर्तमान में इंग्लैंड के खिलाफ खेल रहे हैं। मौजूदा भारतीय खिलाड़ी पिछले चार महीनों से घर से दूर हैं, और उन्हें एक अच्छे ब्रेक की जरूरत हो सकती है।

## मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे, 4 दिसंबर को मुंबई में एक इवेंट में शामिल होंगे, तीन शहरों का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी दिसंबर में भारत दौरे पर आएंगे। मेसी 14 साल के लंबे समय के बाद भारत आ रहे हैं। वो 13 से 15 दिसंबर तक भारत में रहेंगे और कुल तीन शहरों का दौरा करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, मेसी 13 से 15 दिसंबर तक कोलकाता, दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम 14 दिसंबर को एक इवेंट में शामिल होंगे। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, कुछ क्रिकेटर्स भी इस इवेंट में शामिल होंगे। ईडन गार्डन्स स्टेडियम भी जाएंगे इसके अलावा मेसी कोलकाता भी जाएंगे और वहां उनको ईडन गार्डन में सम्मानित किया जाएगा। इस इवेंट में वेस्ट बंगाल की चीफ मिनिस्टर ममता बनर्जी भी शामिल हो सकती हैं। मेसी कोलकाता में बच्चों के लिए एक फुटबॉल वर्कशॉप भी आयोजित करवाएंगे और साथ ही वो फुटबॉल क्लिनिक भी लॉन्च करेंगे। फ्रेंडली मैच भी खेलेंगे इससे पहले, 6 जून को केरल के स्पोर्ट्स मिनिस्टर वी. अब्दुरहीमन नहीं इस बात की पुष्टि की थी कि अर्जेंटीना फुटबॉल टीम जिनकी कप्तानी लियोनेल मेसी करेंगे वो अक्टूबर या नवंबर में केरल एक फ्रेंडली मैच खेलने आएंगे। ये मुकाबला तिरुवंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा। केरल सरकार से इसकी बात हो चुकी है। साल 2011 में भारत आए थे मेसी मेसी सहित अर्जेंटीना फुटबॉल टीम पिछली बार 2011 में वेनेजुएला के खिलाफ इंटरनेशनल फ्रेंडली मैच के लिए भारत आई थी। अर्जेंटीना और वेनेजुएला के बीच यह मैच 2 सितंबर को कोलकाता के सॉल्ट लेक स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच में मेसी के असिस्ट से निकोलस ओटामेंडी ने दूसरे हाफ में हेडर से गोल कर अर्जेंटीना को 1-0 से जीत दिलाई थी।

## भारतीय फुटबॉल कप्तान ने एएफसी महिला एशियाई कप में सफलता पाने का राज बताया



**उदयपुर, एजेंसी।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को अगले साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि उन्हें जापान, वियतनाम और चीनी ताइपे के साथ ग्रुप सी में रखा गया है। भारतीय फुटबॉल टीम की कप्तान स्वीटी देवी ने टूर्नामेंट की अच्छी तैयारी के लिए मैत्रीपूर्ण मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत पर जोर दिया है।

भारतीय टीम महिला एशियाई कप की शुरुआत ग्रुप सी में 4 मार्च, 2026 को वियतनाम के खिलाफ मैच से करेगी। इसके बाद उनका सामना 7 मार्च को जापान और 10 मार्च को चीनी ताइपे से होगा। उदयपुर के पास जावर में जिंक फुटबॉल गर्ल्स अकादमी के शुभारंभ के दौरान स्वीटी ने कहा, यह टूर्नामेंट हमारे लिए एक कठिन चुनौती होगी, लेकिन हम इसके लिए तैयार हैं। हम अगले साल मार्च तक कई मैत्री मैच खेलेंगे और उन मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) महिला फुटबॉल के विकास के लिए अकादमी को तकनीकी और रणनीतिक सहायता प्रदान करेगा। जिंक फुटबॉल अपनी तरह की एक अनूठी जमीनी स्तर की फुटबॉल विकास पहल है, जिसके मूल में विश्व स्तरीय सुविधाओं वाली एक पूर्ण आवासीय गर्ल्स फुटबॉल अकादमी और देश की पहली तकनीक-आधारित फुटबॉल प्रशिक्षण - अनूठी एफ-क्यूब तकनीक है। इस पहल का उद्देश्य भारतीय फुटबॉल के विकास में योगदान देना है और साथ ही दुनिया के सबसे पसंदीदा खेल की शक्ति का उपयोग करके महिलाओं, बच्चों और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और उनका सामाजिक उत्थान सुनिश्चित करना है। हिंदुस्तान जिंक की अकादमी में राजस्थान, गुजरात, पश्चिम बंगाल, हरियाणा और झारखंड जैसे विभिन्न राज्यों की 20 लड़कियों का एक प्रारंभिक बैच होगा। इस महीने क्वालिफायर में मेजबान थाईलैंड को 2-1 से हराकर स्वीटी की कप्तानी में भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया।



## भारतीय पहलवान रचना और अश्विनी अंडर-17 विश्व चैंपियन, मोनी उपविजेता

**एथेंस, एजेंसी।** मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-6 से मिली हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय पहलवान रचना (43 किग्रा) और अश्विनी विश्नोई (65 किग्रा) गुरुवार को अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं, जबकि मोनी महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक गईं। रचना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में चीन की शिन हुआंग को 3-0 से हराया जबकि अश्विनी ने उज्बेकिस्तान की मुखय्यो राखिमजोनोवा को इसी अंतर से मात दी। मोनी को कजाकिस्तान की मदखिया उस्मानोवा के खिलाफ कड़े मुकाबले में 5-6 से मिली हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। कोमल वर्मा ने 49 किग्रा वर्ग में देश को कांस्य पदक दिलाया। उन्होंने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ में एनहेलिना बुर्किना को 8-3 से हराया।

भारत के कम से कम दो और पदक पक्के हो गए हैं जिसमें यशिता (61 किग्रा) और काजल (73 किग्रा) खिताबी मुकाबले में उतरेंगी जबकि मनीषा 69 किग्रा में कांस्य पदक के लिए चुनौती पेश करेंगी।

हालांकि, गुरुवार को सभी भारतीय पहलवान पोडियम तक नहीं पहुंच पाए। प्रीति यादव (40 किग्रा) और कशिश गुर्जर (46 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में क्रमशः मैसी अन्ना क्लेयर इलियट और जैकलिन रोज़ बुज़ाकिस से हारकर बाहर हो गईं। सारिका 53 किग्रा भार वर्ग में जापान की रियोन ओगावा से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गईं।

## डब्ल्यूसीएल 2025:



## पाकिस्तान के चैंपियंस बनने की राह में मुश्किल पैदा करेगा दक्षिण अफ्रीका

**बर्मिंघम, एजेंसी।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 (डब्ल्यूसीएल) अपने अंतिम मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार है। एबी डिविलियर्स की अगुवाई में साउथ अफ्रीका चैंपियंस शनिवार को ग्रैंड फिनाले में पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ आमने-सामने होगी। डब्ल्यूसीएल में इस साल एबी डिविलियर्स फाइनल का ताज पहनने और साउथ अफ्रीका के लिए खिताब पक्का करने को तैयार हैं। हाशिम अमला, इमरान ताहिर, वेन पार्नेल और क्रिस मॉरिस जैसे शानदार खिलाड़ियों की बदौलत, साउथ अफ्रीका चैंपियंस टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस टीम पर शानदार जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई।

वहीं, पाकिस्तान चैंपियंस टीम पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही है। मोहम्मद हफीज, शोएब मलिक, शरजील खान, और सईद अजमल जैसे खिलाड़ियों के दम पर टीम काफी मजबूत दिखाई दे रही है। फाइनल में भी टीम अच्छा प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। यह एक ऐसा टूर्नामेंट है जहां पर दर्शकों को अपने चहेते खिलाड़ियों को देखने का मौका मिलता है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड की ओर से इस टूर्नामेंट ने विश्व क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नामों को एक मंच पर लाने का सफल प्रयास किया। इस सीजन में युवराज सिंह, हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, क्रिस गेल, डीजे ब्रावो, ब्रेट ली, क्रिस लिन, शॉन मार्श, इयोन मोर्गन, मोइन अली, और सर एलेस्टेयर कुक जैसे सितारों ने दुनिया भर के प्रशंसकों को आकर्षित किया। यह सफर एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंच गया है और उत्सुकता बढ़ती जा रही है; दुनिया भर के लाखों प्रशंसक फाइनल मैच के लिए तैयार हैं। डब्ल्यूसीएल का ग्रैंड फिनाले सिर्फ क्रिकेट के बारे में नहीं है–यह विरासत, गौरव और खेल के प्रति प्रेम के बारे में है। इस रोमांचक मुकाबले का भारत में स्टार स्पोर्ट्स और फैनकोड पर रात 9:00 बजे सीधा प्रसारण किया जाएगा।



## National Bank Open: कोको गॉफ की एक और संघर्षपूर्ण जीत

### अंतिम 16 में पहुंचीं, कुदेरमेतोवा को हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोको गॉफ को फिर से अपनी सर्विस पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा लेकिन 14 डबल-फॉल्ट करने के बावजूद वह रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा को तीन सेट तक चले मुकाबले में हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रही। पिछले दौर में हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी डेनियल कोलिंस के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट और तीसरे सेट के टाईब्रेकर से बचने के दो दिन बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त गॉफ ने कुदेरमेतोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से पराजित किया।

गॉफ का मुकाबला अब कनाडा की 18 वर्षीय खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको से होगा, जिन्होंने चेक गणराज्य की की मैरी बोजकोवा को 1-6, 6-3, 6-0 से हराया।

## खालिद जमील बने भारतीय फुटबॉल टीम के नए कोच, AIFF ने किया एलान




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यों की सूची में से चुना है। अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) ने खालिद जमील को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया है। शुक्रवार को एआईएफएफ ने इसका एलान किया। खालिद ने 2017 में आइजॉल फुटबॉल क्लब को आई-लीग खिताब दिलाया था। 13 वर्षों में पहली बार किसी भारतीय को भारतीय फुटबॉल टीम का नया कोच नियुक्त किया गया है।

**तीन लोगों की सूची में से चुना गया:** पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और वर्तमान में इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी के मैनेजर 48 वर्षीय जमील को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कार्यकारी समिति ने तीन सदस्यों की सूची में से चुना है। अन्य दो दावेदार भारत के पूर्व मुख्य कोच स्टीफन कॉन्स्टेंटाइन और स्टीफन टारकोविक थे। स्टीफन पहले स्लोवाकिया की राष्ट्रीय टीम के कोच थे।

### धनश्री वर्मा से तलाक पर युजवेंद्र चहल ने तोड़ी चुप्पी

# जिंदगी से थक गया, सुसाइड करना चाहता था...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का इस साल मार्च में तलाक हो गया था. अब चहल ने धनश्री वर्मा से तलाक पर अपनी चुप्पी तोड़ी है. इस शादी में क्या-क्या गड़बड़ियां हुई, चहल ने इस बारे में खुलकर बात की. युजवेंद्र चहल ने कहा कि जब इस साल की शुरुआत में उनपर धोखाधड़ी के आरोप लगे थे और तलाक की अफवाहें तेज हो गई थीं, तो वो मानसिक तनाव से गुजरे. युजवेंद्र चहल ने कहा कि उनके मन में आत्महत्या के ख्याल आने लगे थे. चहल ने राज शमानी के यूट्यूब चैनल पर कहा, यह



काफी समय से चल रहा था. हमने तय किया कि जब तक उस स्थिति में नहीं पहुंचेंगे जहां से वापसी संभव न हो, हम कुछ नहीं कहेंगे. हम सोशल मीडिया पर एक सामान्य कपल की तरह ही रहेंगे. जब युजवेंद्र चहल से पूछा गया कि क्या उस वक्त वो सिर्फ दिखावा कर रहे थे, तो इस स्पिन गेंदबाज ने सिर हिलाकर हामी भरी. युजवेंद्र चहल कहते हैं, रिश्ता एक समझौते की तरह होता है. अगर एक नाराज होता है, तो दूसरे को सुनना पड़ता है. कभी-कभी दो लोगों का नेचर आपस में मेल नहीं खाता.

मैं इंडिया के लिए खेल रहा था, वह भी अपना काम कर रही थी. यह 1-2 साल से चल रहा था.

### क्रिकेट से ब्रेक लेना चाहते थे चहल

युजवेंद्र चहल ने भावुक होते हुए कहा, मेरे मन में आत्महत्या के विचार आते थे, अपनी जिंदगी से थक चुका था. मैं 2 घंटे रोता था, बस 2 घंटे सोता था. ऐसा 40-45 दिनों तक चला. मैं क्रिकेट से ब्रेक चाहता था. मैं क्रिकेट में इतना व्यस्त था कि ध्यान केंद्रित नहीं कर पा रहा था. मैंने अपने दोस्त के साथ इन चीजों को शेयर किया.

युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक पर फैसला 20 मार्च 2025 को मुंबई के बांद्रा हाईकोर्ट में आया था. चहल और धनश्री ने लंबे समय तक डेटिंग के बाद 22 दिसंबर 2020 को शादी की थी. चहल काफी समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. चहल ने भारत के लिए अपना आखिरी मुकाबला जनवरी 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला था.

### हर किसी की अपनी जिंदगी होती है

युजवेंद्र चहल ने कहा, मैं इधर भी टाइम दे रहा था, उधर भी, पर रिश्ते के बारे में सोचने का वक्त ही नहीं बचा. और फिर हर दिन लगता था कि छोड़ो, रहने देते हैं. हर किसी की अपनी जिंदगी होती है और अपने लक्ष्य होते हैं. एक पार्टनर के तौर पर आपको साथ देना होता है. युजवेंद्र चहल ने बताया, जब मेरा तलाक हुआ, लोगों ने मुझे धोखेबाज कहा. लेकिन मैंने जिंदगी में कभी किसी को धोखा नहीं दिया. मेरी दो बहनें हैं, और मैंने महिलाओं का सम्मान करना अपने माता-पिता से सीखा है. यह जरूरी नहीं है कि अगर मेरा नाम किसी के साथ जोड़ा जा रहा है, तो लोग व्यूज के लिए उसके बारे में कुछ भी लिखें.

# पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ विभागीय अधिकारी शासकीय दायित्वों का करें निर्वहन : संभागायुक्त

**नवागत कमिश्नर ने ली समीक्षा बैठक**

**समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही के दिए निर्देश**

**निरीक्षण व्यवस्था को बनाएं प्रभावी**

**पन्ना।** शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समय सीमा में प्रदान करना सुनिश्चित किया जाए। किसी भी हितग्राहीमूलक योजनाओं में बगैर कारण के राशि भुगतान में विलंब न हो। सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ तन्मयता से शासकीय दायित्वों का निर्वहन करें। आमजनों के साथ अच्छा व्यवहार भी रखें। यह बात सागर संभाग के नवागत कमिश्नर अनिल सुचारी ने गुरूवार को कलेक्टेऊट सभाकक्ष में संपन्न विभागीय समीक्षा बैठक में कहीं। संभागायुक्त श्री सुचारी ने पन्ना के प्रथम प्रवास के दौरान आयोजित परिचयात्मक समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री सुचारी ने विभिन्न विभागों की योजनाओं में लक्ष्य अनुरूप प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के शेष कार्यों को बारिश के बाद अनवरत रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एक बगिया मां के नाम अभियान के तहत विकासखण्डवार लक्ष्य मुताबिक पौधरोपण की कार्ययोजना पर चर्चा कर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के तहत बच्चों को मीनू अनुसार पौष्टिक भोजन के वितरण, रसोईयों का समय पर भुगतान, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के प्रकरणों का समय पर निराकरण सहित कल्याणी विवाह योजना के प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन व बेहतर क्रियान्वयन के लिए निरीक्षण व्यवस्था को भी प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित परियोजनाओं के परीक्षण व टंकी निर्माण सहित अन्य कार्यों को भी तय समय सीमा में पूर्ण करने की हिदायत दी। साथ ही फॉरेस्ट क्लीयरेंस सहित साइट वेरीफिकेशन कार्य भी जल्द पूर्ण कराने तथा निरंतर रूप से कार्यों की मॉनीटरिंग की बात भी कही। उन्होंने कहा कि कार्य उपरांत समानांतर रूप से रोड रेस्टोरेशन कार्य भी पूर्ण कराया जाए, जिससे



आमजनों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

कमिश्नर श्री सुचारी ने सांदीपनि विद्यालय पन्ना के निर्माण एजेन्सी के अधिकारी से भवन पूर्णता तथा गुणवत्ता संबंधी कार्यों की जानकारी लेकर आगामी 31 अगस्त तक भवन हैण्डओवर करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी 31 अक्टूबर तक जिला अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट निर्माण का कार्य पूर्ण करने के लिए भी कहा। इस दौरान सीएमएचओ को स्वास्थ्य संस्थाओं में सुधार के लिए अपेक्षित प्रयास करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान विभिन्न योजनाओं में गत वर्ष से बेहतर परिणाम लाने के निर्देश दिए। सभी परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों के कार्य की सतत् मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, पोषण आहार वितरण की निगरानी व सत्यापन के लिए वीडियोग्राफी कराने, लाडली लक्ष्मी योजना एवं मातृ वंदना योजना में समस्त पात्र बालिकाओं व महिलाओं को लाभांवित करने सहित पोषण पुर्नवास केन्द्रों को निरंतर सक्रिय रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों के नामांकन स्थिति की जानकारी लेकर गत वर्ष में 50 प्रतिशत से कम परिणाम वाले स्कूलों को खराब रिजल्ट के कारणों पर फोकस कर वर्तमान सत्र में सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही समय पर किताब वितरण, संस्था में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की मॉनिटरिंग, जनप्रतिनिधियों से साईकिल वितरण कराने सहित सतत रूप से शालाओं के निरीक्षण के लिए भी निर्देशित किया गया।

कमिश्नर ने कहा कि समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निर्धारित दिवसों पर न्यायालय में बैठना सुनिश्चित करें। इसके लिए अधीनस्थ अधिकारियों को भी पाबंद किया जाए, जिससे पक्षकारों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े। अपरिहार्य कारणों से राजस्व न्यायालय में न बैठने की स्थिति में पूर्व सूचना दें। उन्होंने समस्त राजस्व अधिकारियों को दौरा प्रोग्राम निर्धारित कर टूर डायरी संधारित करने के लिए भी कहा। साथ ही नामांकन, बंटवारा एवं सीमांकन प्रकरणों में समय पर वांछित कार्यावाही सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके अलावा राजस्व अधिकारियों को नसीहत दी की बगैर दर्ज किए कोई भी प्रकरण लंबित न रहें तथा प्राथमिकता क्रम से आवेदकों के सीमांकन प्रकरणों का निपटारा हो। अधीक्षक भू अभिलेख को डिजिटाईजेशन कार्य एवं जीर्ण-शीर्ण नक्शों संबंधी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फसल बीमा के प्रकरणों में सूक्ष्मता से निरीक्षण की बात भी कही। श्रम विभाग अंतर्गत संबंधित अधिकारियों को समन्वय कर स्थानीय निकायों के संबल योजनाओं के प्रकरणों का अविलंब निराकरण करने के लिए भी निर्देशित किया गया। साथ ही अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि के प्रकरणों में भी संवेदनशीलता के साथ प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। वन विभाग अंतर्गत पौधरोपण कार्यों की जानकारी ली। इसके अलावा खाद्य विभाग अंतर्गत तीन माह के एकमुश्त राशन का पारदर्शिता के साथ वितरण तथा समय पर खाद्यान्न उठाव के निर्देश भी दिए। उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के तहत उद्यानिकी फसलों के रकबा तथा विभागीय योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों के संबंध में पूछा।

संभागायुक्त द्वारा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के उप संचालक से बोवनी की स्थिति, मुख्य फसलों के उत्पादन, बीज वितरण सहित खाद उपलब्धता के बारे में जानकारी लेकर सैम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों को किसानों के सतत संपर्क में रहकर समस्याओं के समाधान तथा लाभकारी कृषि कार्यों एवं योजनाओं के बारे में जागरूक करने के निर्देश दिए।

# पन्ना-सतना राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत खराब



**गढ्ढों में तब्दील हुई पूरी सड़क, उसके बावजूद वसूला जा रहा है टोल टैक्स**

**पन्ना**

वर्तमान समय में मंडला से लेकर नागौद तक पन्ना सतना राष्ट्रीय राजमार्ग 39 की हालत बहुत ही खराब है पूरी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है सबसे अधिक चलने वाले मार्ग की दुर्दशा होने के बावजूद शासन प्रशासन द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी जिला कलेक्टर के पात्र को भी तवज्जो नहीं दे रहे हैं आए दिन मंडल घाटी में जाम लगता है एवं दुर्घटना होती हैं लेकिन उसके बावजूद भैरव टेक घाटी की सड़क साइड शोल्डर नहीं बनाई जा रहे हैं जिससे घाटी में ट्रक डंपर तथाबस पलट जाती हैं मोहन निवास से लेकर साकरिया तक सड़क की सड़क की हालत और भी बदतर है उसके बावजूद सुधार कर नहीं कराया जा रहा है राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन यंत्री शंकर लाल उक्त सड़क निर्माण के प्रभारी हैं लेकिन वह ना तो किसी का मोबाइल उठाते हैं और ना ही अधिकारियों के पत्रों का जवाब दे रहे हैं कलेक्टर द्वारा भी अनेकों बार पत्र लिखे गए लेकिन उसका भी उनके द्वारा जवाब नहीं दिया गया स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन से सड़क की शीघ्र मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

# शौर्या दल के मास्टर ट्रेनर्स का हुआ प्रशिक्षण

**पन्ना।** महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत नवीन स्वरूप में प्रत्येक आंगनवाड़ी क्षेत्र में किशोरी बालिकाओं और महिलाओं को एक दल में संगठित कर शौर्या दलों का गठन किया गया है। यह शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के प्रति होने वाली हिंसा को रोकने व उन्हें सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई एक अभिनव पहल है। इसमें 18 से 45 वर्ष की सक्रिय और जागरूक महिलाओं को शामिल किया जाता है। इस दल की प्रमुख महिला होती है। शौर्या दल में 5 पुरूष और 5 महिला सदस्य होते हैं। इसके जरिए मुख्यत: हिंसा की रोकथाम और महिलाओं को सशक्त बनाने सहित समाज में जागरूकता की गतिविधि संचालित की जाती है। जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शौर्या दल के मास्टर टेञ्नर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। इसमें प्रत्येक परियोजना से पांच-पांच मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में शौर्या दल के गठन व उद्देश्यों सहित बाल विवाह की रोकथाम तथा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# कलेक्टर के प्रयास से मिली अनुकंपा नियुक्ति

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के सतत प्रयास से ककरहटी के वार्ड क्रमांक 12 निवासी स्व.राजेश कुमार शर्मा की पुत्री जयश्री शर्मा को नगर परिषद ककरहटी में सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति मिली है। जिला कलेक्टर द्वारा आज कलेक्टर कक्ष में सुश्री जयश्री शर्मा को अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। विदित हो कि संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर संभाग के पत्र दिनांक 18 जुलाई 2025 के द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की अनुशंसा के परिप्रेक्ष्य में प्रेसीडेंट इन कांउसिल में पारित संकल्प 23 जुलाई 2025 के द्वारा आवेदिका को सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान की गई थी।

# मध्यप्रदेश भूलेख पोर्टल जीआईएस 2.0 लांच

**पन्ना।** प्रदेश में वर्तमान में संचालित भूलेख पोर्टल का वर्जन-1 (वेब जीआईएस 1.0) संचालित किया जा रहा था। इसकी गुणवत्ता को बढ़ाते हुए अब वेब जीआईएस 2.0 लांच किया गया है। एमपी भूलेख पोर्टल राज्य सरकार द्वारा नागरिकों को उनकी भूमि से संबंधित दस्तावेज की जानकारी ऑनलाइन प्रदान करने के लिये विकसित किया गया है। राजस्व विभाग ने नवीन पोर्टल 2.0 को पहले नरसिंहपुर और सिवनी जिलों में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया गया था। इसके सफल संचालन के बाद 30 जुलाई, 2025 से राज्य स्तर पर लागू किया गया है। भूलेख के नये वर्जन के आने से नागरिकों को कम समय में अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। वेब जीआईएस 2.0 में वेब पोर्टल के साथ-साथ मोबाइल ऐप भी उपलब्ध कराया गया है। अब नागरिक खसरे की प्रमाणित प्रतिलिपि व्हाट्स ऐप के माध्यम से भी प्राप्त कर सकते हैं। नवीन पोर्टल में ओटीपी आधारित ई-केवाईसी सुविधा भी उपलब्ध होगी। नवीन भूलेख पोर्टल पर नागरिक एक ही आवेदन द्वारा अनेक भू-अभिलेखों का चयन कर इन अभिलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि प्राप्त कर सकेंगे। वेब जीआईएस 1.0 की मौजूदा कार्य क्षमता में सुधार के लिये नवीन वर्जन में पुराने सर्वर/स्टोरेज को प्रतिस्थापित कर नवीन तकनीकी सर्वर्स स्थापित किये गये हैं।

# विकासखण्ड स्तर पर दिव्यांग शिविर 2 अगस्त से

**पन्ना।** शिक्षा विभाग द्वारा आगामी 2 से 11 अगस्त तक विकासखण्ड स्तर पर दिव्यांग चिकित्सा मूल्यांकन एवं पर्यावरण निर्माण कार्यक्रम अंतर्गत दिव्यांग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में 2 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय गुनौर, 4 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय पवई, 6 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय शाहनगर, 8 अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय अजयगढ़ तथा 11 अगस्त को शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 पन्ना में शिविर लगाया जाएगा।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 20वीं किश्त राशि का वितरण आज

**सतना।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में उत्तरप्रदेश के वाराणसी में 2 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20वीं किस्त वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 20वीं किस्त वितरण दिवस को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत किसानों को वर्ष में 6 हजार रूपये की राशि 3 समान किस्तों में प्रदान की जाती है। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास को निर्देशित किया है कि जिले में इस अवसर पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम में सांसद, विधायक सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला, ब्लॉक स्तर पर विधिवत आमंत्रित किया जायेगा। जिला, ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण दिखाया जाये और जिले की ग्राम पंचायतों में भी व्यवस्था कर कार्यक्रम का प्रसारण करायें। कलेक्टर ने इस योजना के अंतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिये विलेज नोडल ऑफिसर नामांकित किया है। विलेज नोडल ऑफिसर संबंधित कृषकों को भी वर्चुअली कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिये प्रेरित करेंगे और हितग्राहियों को किस्त प्राप्त करने के लिये ई-केवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग और पीएम किसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। कार्यक्रम से जुड़ने के लिये वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक ीजजचेरूध्ध्वउपदकपूंमइबेंजण्दप बण्पद का उपयोग करें। साथ ही इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# रीवा से पूना ट्रेन 3 अगस्त से

**सिंधी समाज ने सांसद का किया सम्मान, जताया आभार**

**मैहर।** रीवा से पूना जाने वाली नई ट्रेन जिसकी मांग सिंधी समाज द्वारा पूर्व में सांसद के माध्यम से की गई थी। मांग पूरी होने पर मैहर सिंधी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद से मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापित किया एवं चुनरी पहनाकर उनका सम्मान किया एवं मांग की 3 अगस्त से शुरू होने वाली ट्रेन का स्थानक मैहर किया जाए जिस पर उन्होंने विश्वास कि उनकी बात मंत्रालय से हो गई है अब ट्रेन 3 अगस्त से ही मैहर में रुकेगी ।सभी



ने सांसद गणेश सिंह का आभार जताया एवं खुशी जाहिर की ।शामिल प्रतिनिधि मंडल में वरिष्ठ समाजसेवी बलराम जग्यासी, महेश दरियानी,इन्द्रसेन जाली, ईश्वर हीरानी, मोहन गोकलानी, जवाहर लाल संताणी, संजय जादवानी सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किये जाये चित्रकूट विकास के कार्य: कमिश्नर

**सतना।** कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने शुक्रवार को चित्रकूट पहुंचकर विकास कार्यों एवं परियोजना कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चित्रकूट का विकास राज्य शासन की प्राथमिकता का विषय है। चित्रकूट में चल रहे विकास परियोजनाओं और निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाये। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, एसडीएम एपी द्विवेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित, सदगुरू



सेवा संघ ट्रस्ट के राजेन्द्र मिश्रा, ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। कमिश्नर रीवा संभाग श्री जामोद ने चित्रकूट विकास परियोजना के प्रस्तावित कार्यों एवं प्रगतिरत विकास निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर चित्रकूट की समेकित विकास योजना का पावर पाइंट प्रजेन्टेशन भी दिया गया। बैठक के बाद कमिश्नर ने चित्रकूट विकास कार्यों के स्थल निरीक्षण कर प्रगतिरत कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने चित्रकूट नगर के मुख्य मार्ग मोहकमगढ तिराहे से पीली कोठी तक बन रही उच्च स्तरीय सीमेंट कांक्रीट रोड के कार्य का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने कामदगिरी परिक्रमा के निर्माण कार्य और अण्डर ग्राउण्ड इलेक्ट्रिफिकेशन के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने चित्रकूट के विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

# तुलसी जयंती समारोह का हुआ भव्य शुभारंभ



**सतना।** मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग की जनजाति लोक कला एवं बोली विकास अकादमी के अंतर्गत संचालित तुलसी संस्थान चित्रकूट द्वारा दो दिवसीय आयोजन तुलसी जन्म जयंती समारोह का भव्य शुभारंभ तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट के सभागार में सम्पन्न हुआ। प्रथम दिवस उज्जैन से आये वेद नाट्य रंगमंच के कलाकारों द्वारा श्री रामचरित मानस पर आधार पर उल्लेखित लक्ष्मण की धर्मपत्नी उर्मिला पर केंद्रित उर्मिला, यशोगन के जीवन दर्शन पर आधारित उनकी तप साधना पर केंद्रित भाव पूर्ण नाट्य मंचन की अद्भुत प्रस्तुति की गई। इसके पूर्व ग्वालियर से आई विदुषी डॉ. उमा कंपुवाले ने श्री रामचरितमानस पर आधारित गोस्वामी तुलसीदास को आधार मानते हुए नवधा भक्ति पर केंद्रित श्री राम कथा साहित्य विषय पर सारगर्भित उद्बोधन प्रदान किया गया। अपने उद्बोधन में उनके द्वारा भगवान श्रीराम के विभिन्न जीवन चरित्र को भावपूर्ण ढंग से स्थापित करते हुए उपस्थित जनसमूह को अपने शोध परक प्रस्तुति को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संत भैरव दास महाराज, सेवानिवृत्त प्राध्यापक हिन्दी ग्वालियर अवधेश कुमार चंसौरिया, डॉ. रामगोपाल, तुलसी शोध संस्थान के प्रभारी निदेशक दीपक कुमार गुप्ता ने तुलसीदास जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य उनके साथ प्रवासी आदिवासी छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर संपूर्ण कार्यक्रम का शैक्षणिक अनुशीलन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट से डॉ. आरके पाण्डेय द्वारा किया गया। प्रथम दिवस के अवसर पर चित्रकूट धाम के पूज्य संत मनीषी और बडी संख्या में दर्शक श्रोता भक्तों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर रामगोपाल भावुक जी द्वारा लिखित शंबूक बद्ध भवभूति के नाटक का लेखन सारगर्भित पुस्तक के रूप में लेखन कार्य किया गया है। जिसका संपादन तुलसी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. दीपक कुमार गुप्ता द्वारा किया गया है।

# अति-वृष्टि एवं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में बचाव और राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी : विजयवर्गीय

**3 हजार 628 व्यक्तियों और 94 मवेशियों का रेस्क्यू किया गया**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव राहत कार्यो की कर रहे हैं लगातार समीक्षा**

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने जानकारी दी है कि प्रदेश में अति-वृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रभावित क्षेत्रों में चलाये जा रहे राहत कार्यों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में अभी तक औसत 703.33 मि.मी वर्षा हो चुकी है जो सामान्य से 60 प्रतिशत ज्यादा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में बारिश बहुत ही कम समय में तेजी से हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कई बार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में अतिवृष्टि से प्रभावित क्षेत्रों में राहत बचाव कार्य संबंधी सभी जिला कलेक्टर्स, पुलिस अधिकारियों और राहत कार्य से जुड़े संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव से जुड़े कार्यों में ढ़िलाई न बरती जाये। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एन.डी.आर.एफ) की 5 टीमों में से भोपाल में 2, जबलपुर, ग्वालियर तथा धार में एक-एक टीम तैनात की गई है। इन टीमों के अलावा 3 टीमों को अशोकनगर, श्योपुर तथा ग्वालियर में तैनात किया गया है। एन.डी.आर.एफ द्वारा 2 रेस्क्यू ऑपरेशन में 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल (एस.डी.इ.आर.एफ) को बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य के लिये अत्याधुनिक बचाव उपकरण उपलब्ध कराये गये है। प्रदेश के 259 संवेदनशील क्षेत्रों में डिजास्टर रिस्पाँस सेंटर स्थापित किया गया है। इसी के साथ 111 क्विक रिस्पाँस टीम (क्यूआरटी) तैनात की गई है। प्रदेश के 11 जिलों में 3 हजार 300 आपदा मित्र वॉलंटियर्स को प्राथमिक सहायता के लिए प्रशिक्षित किया गया है। राज्य में 80 हजार 375 सिविल डिफेंस वालंटियर को प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षित किये गये वालंटियर्स की सेवाएँ राहत और बचाव कार्यों के लिये ली जा सकेंगी। एसडीईआरएफ द्वारा एक जून से 30 जुलाई 2025 तक 432 रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतर्गत 3 हजार 628 व्यक्तियों और 94 मवेशियों का रेस्क्यू किया गया है।

प्रदेश में राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष के माध्यम से अब तक सचेत पोर्टल के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों के नागरिकों को 75 रेड अलर्ट 3 घंटे पूर्व भेजे गये है। इसी के साथ प्रमुख नदियों के जलस्तर बढ़ने की जानकारी तथा प्रभावित होने वाले जिले तथा गांवों की सूची आपदा सुरक्षा में जुड़े प्रमुख अधिकारियों और एजेंसियों को निश्चित अंतराल पर नियमित रूप से दी जा रही है। प्रदेश में डिजास्टर वॉर्निंग एण्ड रिस्पाँस सिस्टम (डीडब्ल्यू आरएस) के माध्यम से अति-वृष्टि, बाढ़ एवं आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्रसारण की व्यवस्था की गई है। जिला स्तर पर घटना की सूचना तथा राहत एवं बचाव कार्यों की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर समन्वय किया जा रहा हैं।

बाढ़ आपदा के दौरान निगरानी एवं समन्वय के लिये राज्य स्तर पर मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में सिचुएशन रूम 24 घंटे कार्यरत है। एसडीईआरएफ मुख्यालय में स्थित राज्य कन्ट्रोल रूम में टोल फ्री नम्बर 1079 पर जन सामान्य द्वारा बाढ़ की स्थिति में 24 घण्टे सहायता प्राप्त की जाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के समस्त जिलों में डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर कमांड कंट्रोल एण्ड कोऑर्डिनेशन सेंटर (डीसीसीसी) स्थापित कर आपदा की स्थिति में 24 घण्टे कार्यरत है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 30 जुलाई को भोपाल के राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष का निरीक्षण कर स्वयं स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बचाव दलों, पीड़ितों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। राज्य, जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ पूर्व तैयारी तथा मानसून के दौरान आकाशीय बिजली से जन-सामान्य के बचाव, सर्पदंश से बचाव के लिये विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तय करते हुए एडवायजरी जारी की गई है।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 02 अगस्त 2025 | 8




स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में देश में पांचवां स्थान और गार्बेज फ्री सिटी में 5स्टार रेटिंग हासिल करने के उपलक्ष्य में नगर निगम रीवा द्वारा शुक्रवार को धन्यवाद रीवा आभार यात्रा निकाली गई।

## नगर निगम को स्वच्छता सर्वेक्षण में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त होने पर आयोजित किया गया धन्यवाद रीवा आभार यात्रा कार्यक्रम

**रीवा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में देश में 5वां स्थान एवं गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त होने पर सभी शहरवासियों को आभार हेतु धन्यवाद रीवा आभार यात्रा समापन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 01 अगस्त 2025 को रीवा नगर निगम टाउन हॉल में किया गया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय द्वारा कहा गया कि बहुत गर्व का विषय है कि रीवा को देश में पॉचवा स्थान एवं फाइव स्टार रेटिंग प्राप्त हुई इसमें सबसे बड़ा योगदान नगर निगम सफाई मित्रों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, अधिकारियों एवं शहरवासियों रहा है। सफाई मित्रों के कार्य की सराहना करते हुये कहा है कि इस उपलब्धि के असली हकदार है साथ ही रीवा को स्वच्छ बनाने में नगर निगम आयुक्त के नेतृत्व मे सफाई मित्रों को सही दिशा दिखाने का कार्य किया है जो प्रशंसनीय है। उन्होने कहा कि उनके मार्गदर्शन में रीवा नम्बर एक स्थान प्राप्त करेगा ऐसी आशा भी है। आयोजन में आये हुये स्कूली छात्रों की प्रशंसा करते हुये कहा कि छात्रों के द्वारा अनुशासन का पालन करते हुये कचरे को डस्टबिन डाला जाता है जिससे हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने सभी से पालीथीन की जगह कपड़े के थैले का प्रयोग करने की अपील की। नेता प्रतिपक्ष श्री दीनानाथ वर्मा द्वारा कहा गया कि यह कार्यक्रम सफाई मित्रों के सम्मान के लिये आयोजित किया गया है जिसके वह सर्वथा योग्य है, उन्होंने उनके प्रयासो की सराहना की एवं कहा कि हमें संकल्प लेकर लगातार इसी तरह मेहनत करना है जैसे देश के पटल मे अभी पॉचवे स्थान पर नाम है उसे नम्बर एक पर लाना है। निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने शहरवासियों, सफाई मित्रों और सभी वार्ड पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 में रीवा को देश में 50,000 से 3,00,000 जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में 5वां स्थान प्राप्त हुए यह गर्व की बात है एवं प्रदेश में 6 ही शहर है जिन्हें 5 स्टार मिला है उनमें से रीवा एक है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सफाई कर्मियों




की अथक मेहनत, नागरिकों की सजगता, वार्ड पार्षदों की सतत निगरानी और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से संभव हुई है। निगम आयुक्त ने कहा कि हमारी टीम सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक निरंतर काम करती है। आपके सहयोग से हम इस वर्ष देश में पांचवें स्थान पर आए हैं। लेकिन यह हमारी मंजिल नहीं है, अब हमारा लक्ष्य देश में नंबर 1 बनना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष नगर निगम ने कई नए प्रयास किए, जिनमें वर्षों से गंदगी से भरे तालाबों जैसे चिरहुला तालाब एवं बाणसागर की सफाई और बावड़ियों और नदी के घाटों की सफाई, अतिक्रमण हटाकर स्थानों का सौंदर्यीकरण कर ग्रीन स्पेस, गीले कचरे से खाद निर्माण में प्रोत्साहन, इस वर्ष वेस्ट टू आर्ट की थीम आधारित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 नगर निगम रीवा द्वारा विभिन्न प्रकार के खराब वेस्ट से कलाकृतिया बनाई जिनमें मुख्यत: बाटल प्लांट, स्क्रेप द्वारा बनाई गई कलाकृतिया रैंकिंग सुधार में भूमिका निभाई। साथ ही प्लास्टिक वेस्ट से ऊर्जा उत्पादन भी इनमें शामिल है। डॉ. सोनवणे ने कहा कि रीवा का वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट प्रतिवर्ष लगभग 1.5 से 2 करोड़ रुपये मूल्य की बिजली का उत्पादन करता है, जिनमें रीवा चुनिंदा शहरों में शामिल है जो गर्व की बात है । आयुक्त ने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा कि स्वच्छता न केवल शहर की छवि सुधारती है, बल्कि निवेश और उद्योग को भी आकर्षित करती है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक का कम उपयोग और सफाई व्यवस्था में सक्रिय सहयोग देकर रीवा को देश का सबसे स्वच्छ शहर बनाने में योगदान दें। हम ऐसे सतत प्रयास से ही रीवा को देश में अलग पहचान दिलाकर स्वच्छतम शहर तमगा दिला सकेंगे एवं रीवा मॉडल का भी उदाहरण पेश कर देश में नया पहचान मिलेगा साथ ही निगम आयुक्त ने स्कूल के प्रबंधको से अपील की है कि स्कूली छात्रों को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का भ्रमण करायें जिससे कि कचरा प्रबंधन एवं कचरे से बनने वाली बिजली की प्रोसेसिंग से भी बच्चे अवगत हो। निगम आयुक्त ने पार्षदों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि जनप्रतिधियों द्वारा मॉनीटरिंग करते हुये स्वच्छता कार्य में सहयोग प्रदान किया है। कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों, स्वच्छता दूत, स्वच्छता चैम्पियन, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर के सर्वेक्षण में सराहनीय योगदान के लिए सांकेतिक पुरस्कार प्रदान कर प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी द्वारा पधारे हुये अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, स्कूली छात्रों, शिक्षको, गणमान्य नागरिकों, सफाई मित्रों एवं शहरवासियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद श्री संजय खॉन, श्री राजीव शर्मा, श्रीमती ज्योति प्रदीप सिंह, श्री अम्बुज रजक, श्री साालिकराम नापित, पार्षद प्रतिनिधि श्री शिवदत्त पाण्डेय, श्री सतीष सिंह, उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी, कार्यपालन यंत्री श्री एचके त्रिपाठी, सहायक यंत्री श्री एसके गर्ग, श्री अम्बरीश सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी तथा जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र, शिक्षक, गणमान्य नागरिक एवं सफाई मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेश उपचार उपलब्ध करायें: कलेक्टर



**रीवा।** सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेश उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में निजी अस्पताल प्रबंधकों की बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्देश दिये कि सड़क दुर्घटना पीड़ितों को उपचार दिलाये जाने के लिये सभी अस्पताल पोर्टल में 5 अगस्त तक पंजीबद्ध हों तथा पीड़ितों को कैशलेश उपचार सुनिश्चित करायें। कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहगीर योजनान्तर्गत 25 हजार रूपये का पुरस्कार भी दिया जायेगा अतः सभी अस्पताल में रजिस्टर संधारित करें तथा उसमें पहुंचाने वाले का नाम व मोबाइल नं. अंकित करें। कलेक्टर ने बताया कि कैशलेश उपचार उपलब्ध कराने के उपरांत संबंधित अस्पताल को शासन द्वारा राशि का भुगतान किया जायेगा। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी अस्पताल दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल चिकित्सा उपचार देंगे ताकि संबंधित मरीज की जांच बच सके साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दें और दुर्घटना पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति का विवरण रजिस्टर में दर्ज करें। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ल ने अस्पताल प्रबंधकों से अपेक्षा की कि नियत समय तक पोर्टल में आवश्यक जानकारी दर्ज करायें तथा अन्य औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करें ताकि कैशलेश योजना के तहत राशि संबंधित अस्पताल को मिल सके।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर द्वारा कक्षा 11वीं वाणिज्य संकाय में वर्तमान सत्र (2025-26) हेतु रिक्त स्थानों के लिए विद्यार्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आगामी 10 अगस्त तक किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र नवोदय विद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डाट नवोदय डाट जीओव्ही डाट इन से डाउनलोड कर भरा जा सकता है और विद्यालय के ईमेल जेएनरीवा एट द रेट जीमेल डॉट कॉम पर प्रेषित किया जा सकता है। आवेदन पत्र विद्यालय से कार्यालय समय में निःशुल्क भी प्राप्त किये जा सकते हैं तथा ऑनलाइन आवेदन गूगल लिंक के माध्यम से भी किये जा सकते हैं।

इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का चयन कक्षा 10वीं के प्राप्तांकों के आधार पर किया जायेगा। आवेदक की जन्म तिथि एक जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य होनी चाहिए। आवेदक ने कक्षा 10वीं की परीक्षा सत्र 2024-25 में रीवा जिले से ही कम से कम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उतीर्ण की हो। चयन प्रक्रिया नवोदय विद्यालय के नियमों के अनुसार ही पूर्ण की जायेगी।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा कुबेर बहुधंधी सहकारी समिति मर्यादित रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों व अन्य पदाधिकारियों को अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन हेतु वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्रीमती रीना श्रीवास्तव तथा अंजुम महिला बहुउद्देशीय सहकारी मर्यादित वार्ड क्रमांक 35 रीवा उप अंकेक्षक बी.एल. कनौजी को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## सड़क दुर्घटना होने पर ईडार के माध्यम से की जाने वाली कार्यवाही का कलेक्टर ने की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिले में सड़क दुर्घटना होने पर ईडार पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा किये जाने वाली कार्यवाही की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि संबंधित थाना से ईडार में समस्त जानकारी व डाटा इंट्री अपलोड करने के उपरांत संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित



बैठक में कलेक्टर ने आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों तथा मुख्य सड़कों में दुर्घटनाओं के अधिक प्रकरण सामने आते हैं। संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी थानों द्वारा दर्ज किये एफआईआर के उपरांत संपूर्ण विवरण अनुसार कार्यवाही करें। दुर्घटना संभावित स्थानों में सड़क सुधार, प्लेटफार्म निर्माण तथा संकेतक आदि लगाकर दुर्घटना से बचाव की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने पुलिस विभाग के साथ ही सड़क निर्माण एजेंसियों के प्रमुखों को शामिल कर वाट्सअप ग्रुप बनाने के निर्देश बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण विभाग यूजर आईडी पासवर्ड का उपयोग करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि प्रति सप्ताह यह बैठक आयोजित करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## नशामुक्त जनजागृति अभियान 15 अगस्त से 30 अगस्त तक होगा संचालित

**रीवा।** आगामी 15 अगस्त से 30 अगस्त तक नशामुक्त जनजागृति अभियान संचालित होगा। समाज में युवाओं एवं बच्चों में तंबाकू से बने उत्पाद के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए जनजागृति के उद्देश्य से अभियान संचालित होगा। आयोजन में स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस, उच्च शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग एवं जन अभियान परिषद, प्रजापति ब्राम्हकुमारी, गायत्री परिवार तथा स्वैच्छिक संस्थाएं तथा धार्मिक संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे संबंधितों से नशामुक्ति से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन कर अभियान में शामिल होने की अपेक्षा की है।

## संभागीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक 6 अगस्त को

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की अध्यक्षता में 6 अगस्त को संभागीय नजूल निर्वतन समिति की बैठक आहूत की गई है। कमिश्नर कार्यालय में सुबह 11.15 बजे से आयोजित बैठक में रीवा जिला नजूल भूमि निर्वतन समिति द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों पर निर्णय लिया जायेगा। इस अवसर पर अपर आयुक्त रीवा संभाग, कलेक्टर रीवा, संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश व जिला पंजीयक उपस्थित रहेंगे।

## परीक्षा पूर्व नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन 10 अगस्त तक

**रीवा।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति कल्याण द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में बैंकिंग, रेलवे, एसएससी, बीमा, नर्सिंग एवं म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल में चयन के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों से आगामी 10 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इस संबंध में प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र ने बताया कि आवेदन पत्र स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक से कार्यालय में जमा किये जा सकते हैं। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी तथा अनुसूचित जाति अथवा जनजातीय का सदस्य होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 6 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदक को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तय की गयी न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। प्रशिक्षण के लिए चयनित होने पर प्रशिणार्थी को 500 रूपये सुरक्षानिधि जमा करके अनुबंध के अनुसार प्रशिक्षण में प्रवेश दिया जायेगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र शा. ज्ञानोदय विद्यालय अनुसूचित जाति कल्याण विभाग परिसर से प्राप्त की जा सकती है। जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन नंबर 07662-299221 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## ज्ञानोदय स्कूल में प्रवेश का अवसर

**रीवा।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय रीवा में कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश प्रक्रिया के लिये शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए गणित संकाय, जीव विज्ञान संकाय तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश दिया जा रहा है। इनमें अनुसूचित जाति बालक एवं बालिका और अनुसूचित जाति सामान्य, पिछड़ावर्ग, बीपीएल कार्डधारी व अन्य के लिए प्रवेश का अवसर है। प्राचार्य ने बताया कि प्रवेश परीक्षा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी एवं आवेदन पत्र विद्यालय से प्राप्त किये जायेंगे। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 8 अगस्त को शांय 4 बजे तक निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा 12 अगस्त को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित होगी। कक्षा 7वीं, कक्षा 8वीं, एवं 9वीं में प्रवेश की प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंकों के मैरिट लिस्ट के आधार पर किया जायेगा।

## वार्ड 44 स्थित गड्डी तिराहा के पास पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया

रीवा। नगर निगम रीवा द्वारा वार्ड 44 स्थित गड्डी तिराहा के पास पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने मूकबधिर एवं नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों तथा वार्ड पार्षद श्रीमती अर्चना अमृत लाल मिश्रा के साथ पौधारोपण किया। पौधारोपण के बाद मूकबधिर विद्यालय में रीवा के स्वच्छता में 5 स्टार उपलब्धि के लिए वार्ड 44 में स्वच्छता मित्र सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। निगम आयुक्त ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दिव्यांग विद्यार्थियों द्वारा



मनमोहक स्वागत संगीत वादन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान वार्ड पार्षद एवं वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों ने वार्ड के स्वच्छता मित्रों पर पुष्पवर्षा कर माला पहनाई और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सोनवणे ने कहा कि सफाई मित्रों के अथक परिश्रम से ही रीवा को स्वच्छता में यह उपलब्धि मिली है। उन्होंने वार्ड पार्षद को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके सतत निगरानी, सहयोग और जनजागरूकता से ही यह सफलता संभव हुई। निगम आयुक्त ने विद्यालय परिसर में दिव्यांग पार्क विकसित करने की घोषणा भी की और कहा कि यहां के विद्यार्थियों के साथ समय बिताना सुखद अनुभव है। वार्ड पार्षद श्रीमती मिश्रा ने कहा कि निगम आयुक्त के नेतृत्व में रीवा ने यह उपलब्धि प्राप्त की है। उनके लगातार वार्ड भ्रमण और स्वच्छता व्यवस्था में सुधार के प्रयासों से यह सफलता संभव हुई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खनि रियायत स्वीकृति संबंधी बैठक का आयोजन 13 अगस्त को

**रीवा।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की अध्यक्षता में वन सीमा से 25 मीटर की परिधि में आने वाली भूमियों के खनि रियायत में स्वीकृति के संबंध में बैठक का आयोजन 13 अगस्त को शाम 4 बजे किया गया है। बैठक में सीधी एवं मैहर जिले से प्राप्त प्रस्तावों में खनिज पट्टा स्वीकृति के संबंध में विचार विमर्श किया जायेगा।

## नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आवेदन अब 13 अगस्त तक

**रीवा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि में वृद्धि की गयी है। विद्यार्थी अब 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पूर्व में आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 13 अगस्त कर दिया गया है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो ऐसे विद्यार्थी 13 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी।


BBS MEMORIAL HR. SEC. SCHOOL
AZAD NAGAR, REWA (M.P.)
BBS KIDS ZONE
9424777617
ADMISSION OPEN For Nursery to 12th
NO ADMISSION FEE
9th Shivani Rank in State Merit 12th BIO GROUP 2023-24
9th Askrit Rank in State Merit 12th BIO GROUP 2024-25
IIT & NEET SELECTED
Krishna Divy Swastik Akshat Astha Anshika Pranjul Rahul
Ayush 93% Soumya 93% Medha 92% Abhigyan 91% Shristi 90% Anshika 90%



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833